जबलपुर, मंगलवार
दिनांक 17 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 260
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'अँधेरे से मत डरो, सितारे अँधेरे में ही चमकते हैं'

2 लग रहा गैस एजेंसी का फेरा जिले ...
5 पुलिस को मिली सफलताः डीजल...
7 गैस की किल्लत और महंगाई...
11 जल है तो कल है का कोई विकल्प...

# भारत का डिफेंस जीपीएस 'नाविक' गंभीर संकट में



**नई दिल्ली।** भारत का अपना स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम 'नाविक' आज गंभीर संकट में है। इस समय 11 सैटेलाइट में से सिर्फ 3 ही अपना मुख्य काम कर पा रहे हैं। इनमें से एक सैटेलाइट कभी भी फेल हो सकता है क्योंकि उसकी उम्र 10 साल से ज्यादा हो चुकी है। 'नाविक' को मिनिमम 4 सैटेलाइट की जरूरत होती है, लेकिन अभी सिर्फ 3 काम कर रहे हैं। इससे सेना की नेविगेशन, मिसाइल मार्गदर्शन और सटीक हमलों की क्षमता पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। 1999 के कारगिल युद्ध में अमेरिका ने भारत को जीपीएस की सटीक जानकारी देने से इनकार कर दिया था। इससे भारतीय सेना को हिमालय की ऊंची चोटियों में नेविगेशन और सटीक हमले करने में बड़ी मुश्किल हुई। इसी समस्या को देखते हुए भारत सरकार ने अपना स्वदेशी सिस्टम बनाने का फैसला किया। इसरो ने 2013 से 2018 के बीच इंडियन रीजनल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम लॉन्च किए, जिसे बाद में 'नाविक' नाम दिया गया। यह भारत और उसके 1500 किमी आसपास के क्षेत्र में पोजीशन, नेविगेशन और टाइमिंग सर्विस देता है। यह सिर्फ भारत के लिए है, जबकि अमेरिका का जीपीएस, चीन का बीडौ, यूरोप का गैलीलियो और रूस का ग्लोनास पूरे विश्व में काम करते हैं। इसरो ने पहले 9 सैटेलाइट लॉन्च किए। इनमें से 8 अंतरिक्ष में पहुंचे, लेकिन 5 सैटेलाइट में सभी तीन एटॉमिक क्लॉक फेल हो गए। एटॉमिक क्लॉक सैटेलाइट का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो समय की सटीक गणना करता है। इनकी विफलता से ये सैटेलाइट बेकार हो गए। अब सिर्फ 3 सैटेलाइट बचे थे। 1-बी की उम्र 11 साल हो चुकी है। 1-एफ का आखिरी एटॉमिक क्लॉक भी 13 मार्च 2026 को फेल हो गया। इसरो ने कहा कि यह सैटेलाइट अब सिर्फ मैसेजिंग सर्विस देगा, नेविगेशन नहीं। यानी अब सिर्फ 2 सैटेलाइट किसी तरह काम कर रहे हैं। इसरो अब एनवीएस-03 और बाकी सैटेलाइट जल्द लॉन्च करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन फिलहाल नाविक की हालत चिंताजनक है। यह सिर्फ एक टेक्निकल समस्या नहीं, बल्कि भारत की रक्षा क्षमता का संकट है। सरकार और इसरो को जल्दी से जल्दी इस समस्या को हल करना होगा, वरना युद्ध के समय बड़ा नुकसान हो सकता है।

### दूसरी पीढ़ी के सैटेलाइट्स भी फेल

पहली पीढ़ी की गलतियों से सीखकर इसरो ने एनवीएस सीरीज (दूसरी पीढ़ी) शुरू की। एनवीएस-01 मई 2023 में लॉन्च हुआ और ठीक काम कर रहा है। लेकिन एनवीएस-02 जनवरी 2025 में लॉन्च हुआ और गलत ऑर्बिट में फंस गया। इसका इंजन नहीं जला, इसलिए यह नेविगेशन सर्विस नहीं दे पा रहा। इसरो को कुल 5 एनवीएस सैटेलाइट की जरूरत है, लेकिन सिर्फ एक ही ठीक से काम कर रहा है। बाकी लॉन्च में देरी हो रही है।

**खतरे**

- सेना की नेविगेशन और मिसाइल मार्गदर्शन प्रभावित होगा।
- दुश्मन देशों के साथ युद्ध में सटीक हमले नहीं हो पाएंगे।
- जहाजों, विमानों और जमीनी सैनिकों की लोकेशन गलत हो सकती है।
- अगर नाविक पूरी तरह फेल हो गया तो भारत को विदेशी सिस्टम पर निर्भर होना पड़ेगा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।

## बिना ड्राइवर के हाईवा ने 2 छात्राओं को कुचला

**राजगढ़।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में सोमवार को बिना ड्राइवर के ढलान में खड़े हाईवा ने 2 कॉलेज छात्राओं को कुचल दिया। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मृतक छात्रा का नाम नंदनी भिलाला (20) है, जबकि घायल छात्रा सुमन वर्मा (21) है। नंदनी पचोर तहसील के पिपलिया रसोड़ा गांव की रहने वाली थी। वहीं घायल सुमन वर्मा खिलचीपुर के भादाहेड़ी की निवासी है।

## निर्यात फर्जीवाड़ा में फूड कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय भोपाल ने डेयरी उत्पादों के निर्यात में कथित फर्जीवाड़े के मामले में जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर किशन मोदी को गिरफ्तार किया है। ईडी के मुताबिक कंपनी ने फर्जी लैब परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर डेयरी उत्पादों का निर्यात किया और करीब 20.59 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा अर्जित की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को भोपाल स्थित विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे पूछताछ के लिए 18 मार्च तक ईडी रिमांड पर भेज दिया है।

## बिजली विभाग का ऑपरेटर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के करेरा कस्बे में ईओडब्ल्यू ग्वालियर की टीम ने सोमवार शाम करीब 4.30 से 5 बजे के बीच बिजली विभाग के कार्यालय में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने बिजली कनेक्शन के नाम पर 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ऑपरेटर प्रवीण कुशवाह को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस मामले में संबंधित जेई सुरजीत मिश्रा को मुख्य आरोपी बनाया गया है।

# बिहार : एनडीए का क्लीन स्वीप

**राज्यसभा की पांचों सीटों पर किया कब्जा**

**महागठबंधन के 4 विधायक नहीं पहुंचे**

**कांग्रेस विधायकों ने की क्रॉस वोटिंग**

**वोट विवाद पर हरियाणा में काउंटिंग रुकी**



### हर कोई डरा हुआ है



राज्यसभा चुनाव पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा- पार्टियों ने अपने विधायकों को छिपा रखा है। हर कोई डरा हुआ है। यह लोकतंत्र की एक भयावह कहानी है। यह देश के लिए अच्छा नहीं है।

नई दिल्ली

हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान हुआ। एनडीए ने बिहार की सभी पांचों राज्यसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने ऐलान किया है। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा पहुंच गए हैं। तीनों राज्यों में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। बिहार और ओडिशा में मतदान के दौरान कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने माना है कि कांग्रेस विधायक दाशरथी गमांग, सोफिया फिरदोस और रमेश जेना ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया है। बिहार में एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट डाले हैं। जबकि महागठबंधन की तरफ 37 विधायकों ने ही वोट डाले हैं। कांग्रेस के तीन और आरजेडी के एक विधायक ने वोट नहीं डाला। हरियाणा में 90 विधायक में से 88 विधायकों ने वोट डाला। इंडियन नेशनल लोकदल के दोनों विधायक अर्जुन चौटाला और आदित्य देवीलाल वोटिंग से दूर रहे। ओडिशा में काउंटिंग जारी है। हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दो कांग्रेसी विधायकों के वोटों पर आपत्ति के बाद काउंटिंग रोक दी गई। जानकारी के अनुसार बीजेपी के गौरव गौतम और किशन बेदी ने इन दोनों वोटों पर आपत्ति जताई।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा- चुनाव की निष्पक्षता और पवित्रता में हस्तक्षेप करने की स्पष्ट कोशिश की जा रही है और इसे चुनाव आयोग को तुरंत रोकना या ठीक करना चाहिए। इसके अलावा, हमारे वैध मतदाताओं या डाले गए वोटों को अयोग्य ठहराने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह पूरी तरह से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने और पटरी से उतारने का प्रयास है।

### हरियाणाः इनेलो के 2 विधायकों ने नहीं डाले वोट

हरियाणा में 2 विधायकों वाली इनेलो ने राज्यसभा चुनाव से दूरी बना ली है। पार्टी सुप्रीमो अभय चौटाला ने पार्टी की बैठक की। जिसके बाद यह निर्णय सामने आया। इनेलो के इस फैसले के पीछे दो वजह मानी जा रही हैं। पहला- यदि निर्दलीय सतीश नांदल को वोट डालते तो खरीद-फरोख्त होने और भाजपा की बी टीम कहे जाने का अंदेशा था। दूसरा- कांग्रेस को वोट करने से नुकसान होता।

**राज्यसभा में एलपीजी समस्या पर हंगामा**

## सरकार को संकट पहले से पता था इंतजाम क्यों नहीं किया : एलपीजी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में एलपीजी सिलेंडर के संकट को लेकर सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। इस पर भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है। इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता जवाब नहीं सुनते है। तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। पार्टी ने चुनाव आयोग के बंगाल के अधिकारियों को हटाने के फैसले का विरोध किया। इधर, बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कुछ विपक्षी सांसदों ने अपने मुद्दे तुरंत उठाने की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि उन्हें दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल खत्म होने के बाद बोलने का मौका दिया जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और गजेंद्र सिंह शेखावत ने सांसदे के सवालों के जवाब दिए। राज्यसभा में कार्यकाल पूरा होने पर रंजन गोगोई को विदाई दी गई। 9 मार्च से शुरू हुए बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले हफ्ते में विपक्ष के विरोध के कारण सुबह 11 बजे से 12 बजे तक होने वाला प्रश्नकाल पूरा नहीं हो पा रहा था।



## जासूसी के आरोप में डीआरडीओ के पूर्व डायरेक्टर की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**मुंबई।** देश की सुरक्षा से जुड़े एक बड़े मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम सुनवाई की है। पुणे के डीआरडीओ वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुरुलकर की जमानत याचिका पर अदालत ने सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। डॉ. कुरुलकर पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के संगीन इल्जाम है। महाराष्ट्र एटीएस ने उसे मई 2023 में गिरफ्तार किया था। अदालत में इस मामले पर दोनों पक्षों की लंबी बहस हुई। अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग कर देश की सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारी साझा की। वहीं बचाव पक्ष ने दावा किया कि साझा की गई जानकारी पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में मौजूद थी। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। डॉ. प्रदीप कुरुलकर पुणे स्थित डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन में वरिष्ठ वैज्ञानिक था। वो वहां डायरेक्टर और डीई इंजीनियर के पद पर भी कार्यरत था। डीआरडीओ को फरवरी 2023 में सूचना मिली कि कुरुलकर संदिग्ध विदेशी संपर्कों से बिना अनुमति बातचीत कर रहा है। यह जानकारी बेहद गंभीर मानी गई क्योंकि वह रक्षा अनुसंधान से जुड़े महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा था। इसी आधार पर डीआरडीओ ने पहले आंतरिक जांच शुरू की। इसके बाद मामला सुरक्षा एजेंसियों तक जा पहुंचा। अभियोजन पक्ष का कहना है कि कुरुलकर ने कई अहम रक्षा परियोजनाओं से जुड़ी जानकारी साझा की। इनमें मिसाइल सिस्टम, रुस्तम प्रोजेक्ट, एसएएम भारतीय ड्रोन प्रोजेक्ट और क्वाड-कॉप्टर जैसी तकनीक शामिल हैं। इसके अलावा यूसीएवी, ब्रह्मोस, अग्नि-6 और राफेल जैसे संवेदनशील कार्यक्रमों से जुड़े पहलुओं का भी जिक्र किया गया।

## पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की पत्नी का निधन

देवास

पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा की पत्नी सुभद्रा वर्मा का रविवार को निधन हो गया। सोमवार को उनकी अंतिम यात्रा पलसीकर कॉलोनी स्थित निज निवास से रीजनल पार्क मुक्तिधाम तक निकाली गई। इस यात्रा में इंदौर के साथ देवास के भी कई प्रमुख नेता शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मोहन सरकार के फैसले के खिलाफ उतरे बीजेपी सांसद

**डेढ़ लाख शिक्षकों के पक्ष में केंद्र को लिखी चिट्ठी**

भोपाल



होशंगाबाद लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद दर्शन सिंह चौधरी मोहन सरकार के फैसले के खिलाफ उतर आए हैं। प्रदेश के डेढ लाख शिक्षकों के पक्ष में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने लिखा- सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने पर विचार किया जाए, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा हो सके। बीजेपी सांसद दर्शन लिखा- 25 साल से अधिक सेवा दे चुके शिक्षकों के सामने नौकरी जाने का खतरा है। शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार के बनाए गए नियमों और वैधानिक प्रावधानों के अनुसार की गई थी। अब पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने से शिक्षक असमंजस में हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के अनुभव और प्रयासों से विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणामों में भी सुधार हुआ है। इसके पहले सुसनेर से भाजपा के पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने कहा था कि आदेश से भ्रम और व्यापक असंतोष की स्थिति बनी है। संबंधित निर्देश को निरस्त किया जाए।

# कटक के सरकारी हॉस्पिटल में आग, 10 मरीजों की मौत



भुवनेश्वर

ओडिशा के कटक स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। अस्पताल के मेडिसिन विभाग की इमारत में स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में भीषण आग लग गई। इस हादसे में अब तक कम से कम 10 मरीजों की मौत की खबर है। सोमवार सुबह करीब 3 बजे ट्रॉमा केयर यूनिट की पहली मंजिल पर आग लगी। कुछ ही मिनटों में पूरी आईसीयू वार्ड में धुआं भर गया। उस समय वार्ड में कई गंभीर मरीज लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। अस्पताल के कर्मचारी और अग्निशमन कर्मियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। हालांकि, कई नाजुक हालत वाले मरीज धुएं और आग की तेज लपटों की चपेट में आ गए। अस्पताल प्रशासन और दमकल विभाग की मुस्तैदी से दर्जनों मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जो मरीज बच गए और जिनकी हालत गंभीर थी, उन्हें तुरंत न्यू मेडिसिन आईसीयू में शिफ्ट किया गया। हादसे की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री मोहन माझी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री मांझी ने कहा, उस वार्ड में 23 मरीज भर्ती थे। बचाव अभियान से पहले ही वार्ड के अंदर 7 लोगों की मौत हो गई। बचाए जाने के बाद 3 लोगों की मौत चोटों और धुएं के कारण हुई। कुल मिलाकर 10 लोगों की मौत हुई। कम से कम पांच मरीज गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज करा रहे अस्पताल के दो कर्मचारी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएम ने मृतकों के परिवार को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी मृतकों के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि का ऐलान किया है।

# दुनिया के 'सरपंच' की उम्मीदों को झटका

## कई देशों ने होर्मुज में अपने युद्धपोत भेजने से किया इनकार



नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध में ईरानी घमकियों के मद्देनजर डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोगी देशों से होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने की अपील की थी। दुनिया के 20 प्रतिशत तेल की आवाजाही के लिए जरूरी इस समुद्री रूट को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति आर-पार के मूड में हैं और बड़ा बयान देते हुए कहा कि ये देखना दिलचस्प होगा कि कौन से देश हमारे अनुरोध को ठुकराते हैं और हमारी मदद के लिए युद्धपोत नहीं भेजता है। इस बीच बता दें कि जापान से लेकर ऑस्ट्रेलिया और तुर्की तक ने होर्मुज में अपने युद्धपोत भेजने से लगभग इनकार कर दिया है। एयर फोर्स वन में बोलते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह होर्मुज की निगरानी के लिए अन्य देशों से सहयोग के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनका प्रशासन होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा को लेकर 7 देशों से बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने ईरान युद्ध के तीसरे हफ्ते में प्रवेश करने के साथ क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर इसके प्रभाव पर जोर दिया। हालांकि, सहयोगी देशों से मदद की अपील में भी उनकी सख्ती साफ झलक रही है। उन्होंने कहा है कि अगर ये देश हमारी मदद करते हैं तो बहुत अच्छा है और अगर नहीं करते हैं, तो भी बहुत अच्छा है। ट्रंप ने आगे कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने जैसे छोटे से प्रयास में हमारी मदद नहीं करेगा। ट्रंप ने सभी 7 देशों का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि कई देश होर्मुज के जरिए होने वाले तेल यातायात को सुचारू रखने के लिए युद्धपोत भेजेंगे। उन्होंने चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन का नाम उन देशों में लिया, जिनसे उन्हें सहयोग की उम्मीद है।

### जापान-ऑस्ट्रेलिया से तुर्की तक का इनकार

ट्रंप के युद्धपोत भेजने की अपील पर जापान का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपील पर वह समुद्री सुरक्षा ऑपरेशन पर विचार नहीं कर रहा है। वहीं ऑस्ट्रेलिया का कहना है कि ट्रंप के रिक्वेस्ट के बाद वह होर्मुज स्ट्रेट में नेवी शिप नहीं भेजेगा। नाटो में अमेरिका के पार्टनर तुर्की ने इस जंग से पहले ही पल्ला झाड़ लिया है। वहीं साउथ कोरिया इस बात पर ध्यान से विचार करने की बात कह रहा है कि होर्मुज स्ट्रेट में अपना वॉरशिप तैनात किया जाए या नहीं।

### फ्रांस ने भी झाड़ लिया पल्ला

न सिर्फ जापान, कोरिया, तुर्की और ऑस्ट्रेलिया, बल्कि अब फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन ने भी ट्रंप के अनुरोध पर दो टूक जबाव दिया है। उन्होंने कहा है कि जब तक युद्ध बढ़ता रहेगा, फ्रांस होर्मुज स्ट्रेट में अपने जंगी जहाज नहीं भेजेगा। वहीं जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडेफुल ने ऑपरेशन के बढ़ने की संभावना पर शक जताया और बताया कि ईयू मिशन असरदार नहीं था, इसीलिए मुझे बहुत शक है कि एस्पाइड्स को होर्मुज तक बढ़ाने से ज्यादा सुरक्षा मिलेगी।

# जिला अदालत परिसर में हुआ धमाका, मची अफरा-तफरी

## ओमती थाना क्षेत्र का मामला, मिले बम के अवशेष

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिला अदालत के बाहर सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब कोर्ट नंबर-2 के पास तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके के बाद वकीलों और वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस को मौके से बम के अवशेष और माचिस बरामद हुई है।



जानकारी के मुताबिक शाम लगभग 5 बजे के बीच कोर्ट का अंतिम काम चल रहा था। इसी दौरान सीजेएम कोर्ट नंबर-2 के बाहर तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनते ही कोर्ट में मौजूद वकील इसे गंभीर घटना मानते हुए बाहर निकलने लगे। सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि धमाका पाइप बम से किया गया हो सकता है।

### सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही आई सामने

घटना को लेकर जिला अधिवक्ता संघ ने विरोध जताते हुए इसे अदालत की सुरक्षा में बड़ी चूक बताया है। वकीलों ने कोर्ट परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही पर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने बम के अवशेष जब्त कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। घटना के बाद अधिवक्ताओं का कहना है कि किसी व्यक्ति की किसी वकील से पुरानी रंजिश भी इस घटना की वजह हो सकती है, इसलिए पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा का कहना है कि सोमवार को कोर्ट में जो घटना हुई है, वह न सिर्फ जज और वकीलों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कोर्ट परिसर के भीतर बे-रोकटोक कोई भी प्रवेश कर रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची ओमती थाने की पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।



# महिलाओं के लिए बनाएं सुरक्षित पर्यटन का वातावरण: कलेक्टर

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी अपनी योजनाओं की प्रगति को विभागीय पोर्टल में एंट्री करना सुनिश्चित करें। साथ ही शिविर में प्राप्त आवेदन के समुचित निराकरण की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्हों ने पीएम स्व निधि, प्रधानमंत्री जन मन योजना, किसानों की ई केवायसी, विद्यालयों में बालिका शौचालय, आंगनवाड़ियों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, डॉग बाइट के नियंत्रण की कार्यवाही, पहली कक्षा में प्रवेश उत्सव, वन ग्राम, राजस्व ग्राम, एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति व समुचित वितरण, बीएलसी घटक अंतर्गत विशेष पट्टा अभियान, स्वावलंबी गौशाला व स्वरोजगार योजनाओं का संचालन के संबंध में विशेष चर्चा कर आवश्यिक निर्देश दिये। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा भी की।

उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित कर आपेक्षित प्रगति लाएं। इसके अलावा कलेक्ट्रर श्री सिंह ने प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित विभिन्न जिला स्तरीय समितियों में अशासकीय सदस्यों के नामांकन व अनुमोदन के संबंध में आवश्यिक चर्चा भी की।

### कॉलेजों का करें भौतिक सत्यापन

उन्होंने शासकीय तथा अशासकीय अस्पतालों में बायो मेडिकल वेस्ट मेनेजमेंट के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि प्राइवेट कॉलेजों का भौतिक सत्यापन करें। साथ ही महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन का वातावरण बनायें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि विभिन्न निर्माण एजेंसी, ठेकेदारों के देयकों के भुगतान करने के पूर्व रॉयल्टी की राशि को खनिज शीर्ष में जमा कराया जाये। लंबित पत्रों की बैठक के बाद नवीन पेंशन नियम के बारे में पेंशन कार्यालय द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्य म से राज्य केन्द्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में नगर निगम कमिश्नंर रामप्रकाश अहिरवार सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस सेवा दल ने किया पं मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा का शुद्धिकरण

## वर्ल्ड फाइनल मैच के दौरान संदिग्धों ने प्रतिमा पर चढ़कर मनाया था जीत का जश्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। कांग्रेस सेवा दल द्वारा सोमवार को मालवीय चौक पर स्थित भारत रत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा का शुद्धिकरण किया गया। दरअसल विगत 8 मार्च को इंडिया-न्यूजीलैंड के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड के फाइनल मुकाबले में इंडिया की जीत के बाद कुछ युवकों ने पं मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर चढ़कर जीत का सेलिब्रेशन मनाया था। इस मामले में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसी घटनाओं की हम निंदा करते हैं।



ऐसी घटनाओं में शासन प्रशासन को जो भूमिका निभानी चाहिए थी, उसमें चूक हुई है।

उनका कहना है कि पिछले 10 दिनों से प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। लेकिन इसके बाद भी अब तक दोषियों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई।सोमवार को सेवादल के पदाधिकारियों ने पं मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा का दुग्ध, गंगाजल नर्मदा जल से अभिषेक किया। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, नगर कांग्रेस सेवा जिला अध्यक्ष सतीश तिवारी, उमेश पटेल, राकेश चक्रवर्ती, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# फरार शमीम कबाड़ी के घर के पीछे से मिला बम का शैल

## नाले की सफाई के दौरान हुआ बरामद, जांच में जुटी गोहलपुर पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। नाले की सफाई के दौरान बम शेल बरामद हुआ जिसके बाद गोहलपुर थाना अंतर्गत रद्दी चौकी में हड़कंप मच गया। यह स्थान विस्फोट कांड के मुख्य आरोपी शमीम कबाड़ी के घर के ठीक पीछे स्थित है। जब नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने नाले के भीतर लोहे का एक संदिग्ध और भारी सामान देखा जिसके तुरंत बाद जी उसने सूचना वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर सुरक्षा घेरा बनाया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया। विशेषज्ञों द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का खाली खोल है जिसे पुलिस ने तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया 7 दरअसल नगर निगम की टीम सोमवार दोपहर 1 बजे नाले से गाद निकालने का कार्य कर रही थी। इसी प्रक्रिया के दौरान श्रमिकों को एक धातु का बड़ा हिस्सा मिला जो देखने में सैन्य आयुध जैसा प्रतीत हो रहा था। पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि जिस स्थान पर यह वस्तु मिली है वह फरार अपराधी शमीम कबाड़ी का निवास स्थल है। बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से मुआयना किया और पुष्टि की कि बरामद वस्तु एक खाली बम शेल है जिसमें वर्तमान में कोई सक्रिय विस्फोटक सामग्री मौजूद नहीं थी। पुलिस अब इस बिंदु पर विस्तृत जांच कर रही है कि इतनी संवेदनशील सैन्य सामग्री आखिर इस तरह खुले नाले में कैसे



पहुंची।

**क्या है खजरी खिरिया विस्फोट कांड** -यह घटना 25 मई 2024 कि है जब खजरी खिरिया स्थित एक मेटल गोदाम में धमाका हुआ था। उस समय इस धमाके की गूंज कई किमी दूर तक महसूस की गई थी। इस भीषण दुर्घटना में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी और गोदाम पूरी तरह जमींदोज हो गया था। यह दुर्घटना की जांच में पाया गया कि शमीम कबाड़ी के गोदाम में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री और सैन्य कबाड़ का भारी मात्रा में भंडारण किया था। जिसके बाद जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सक्रिय हुए और आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून ,एनएसए के तहत कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

**आज तक फरार है मुख्य आरोपी शमीम** -विस्फोट कांड का मुख्य आरोपी शमीम कबाड़ी अपने परिवार सहित आज तक फरार है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उस पर पहले 15 हजार और बाद में 30 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। हालांकि पुलिस ने इस प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए शमीम के पुत्र फहीम और पार्टनर सुल्तान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके बावजूद 2 साल बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी का कोई सुराग पुलिस को नहीं लगा है। सोमवार को हुई इस नई बरामदगी ने पुलिस विभाग को एक बार फिर सतर्क कर दिया है और फरार अपराधी की तलाश तेज कर दी है।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर और उसका मैकेनिक दोस्त गिरफ्तार

## माढ़ोताल थाना क्षेत्र का मामला, 15 बाइक हुई बरामद

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। वाहन चोरी करके उनके पुर्जे बेच देने वाले 2 दोस्तों को पुलिस ने पकड़ा है 7 आरोपी काफी समय से वाहन चोरी करने की वारदात को अंजाम दे रहे थे प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना माढ़ोताल में उमेश देव पाण्डेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 12 मार्च को वह पत्नि सावित्रीदेवी पाण्डेय का इलाज कराने अपनी मोटर साइकिल हीरो पेशन प्रो एमपी 20 एन सी 3893 से अपोलो हास्पिटल गया था 7 मोटर साईकिल को अपोलो गेट के पास खडी कर



अस्पताल के अंदर चला गया जब वापस आकर देखा तो ,मोटर साईकिल नहीं मिली जिसके बढ़वाने इसकी शिकायत थाने में दर्ज करदी जिसके बाद थाना माढोताल टीम ने पतासाजी के दौरान घटना स्थल एवं आसपास के कैमरों के फुटेज चैक किये। और 14 मार्च को पाटन बाईपास में दबिश दी जहॉ मोटर सायकिल राकेश श्रीवास (48 वर्ष) के पास मिली ,संदेह पर राकेश श्रीवास को थाने लाकर सघन पूछताछ करने पर उक्त वाहन चोरी का होना स्वीकार किया

**मैकेनिक दोस्त करता था पुर्जो की अदला-बदली**-राकेश ने बताया कि वह दुपहिया वाहन चोरी करके अपने साथी राजेश साहू को लाकर देता था, राजेश साहू दोपहिया वाहनो का मैकेनिक है जो चोरी की गाडियो के पार्ट्स खोलकर ग्राहक की गाडियो में उनको बिना बताये अदला-बदली कर देता था। वह चुराये हुये वाहन को पहले पाटन बायपास शौचालय के पीछे छुपाकर रखता था फिर राजेश साहू के कहने पर उसके दुकान लाकर देता था,। जिसके बाद राजेश साहू (30 वर्ष) को अभिरक्षा में लिया गया।

आरोपी राकेश श्रीवास के कब्जे से 1 बाइक और ओरिया मटर मंडी के पीछे खाली प्लाट में छिपाकर रखी हुई 06 बाईक तथा आरोपी राजेश साहू से 06 बाईक और 2 बाइक खुले हालत में दुकान से जप्त किये गये। इस प्रकार आरोपियो से चुराये हुये 15 दुपहिया वाहन कीमती 15 लाख रूपये की जप्त करते किए गए। आरोपी राकेश श्रीवास के वाहन चोरी के अपराध जिला दमोह मप्र एवं रायपुर छग मे तथा आरोपी राजेश साहू का थाना विजयनगर मे वाहन चोरी का अपराध पंजीबध्द है।

### अधिकारी की मौजूदगी में बटे गैस सिलेंडर

सिहोरा (स्वतंत्र मत)। गोसलपुर कस्बे में संचालित भारत गैस एजेंसी में सिहोरा एसडीएम द्वारा प्रतिदिन के हिसाब से गैस आवक जावक वितरण व्यवस्था मे प्रभावी निगरानी रखने के लिए अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है उसी के तहत शनिवार को सिलेंडर वितरित किये।

### भैयालाल विश्वकर्मा का निधन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। पनागर के विवेकानंद वार्ड निवासी भैया लाल विश्वकर्मा का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा (लालू), ओमप्रकाश विश्वकर्मा (मोनू) के पिता है। अंतिम संस्कार बम्हनौदा रोड स्थित शमशान में किया गया।

# मात्र 35 रन बना के बुरी तरह क्रिकेट मैच हारी नरसिंहपुर टीम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा अंतर जिला सीनियर महिला एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन एमपीसीए स्टेडियम नीमखेड़ा जबलपुर में किया जा रहा है। इस क्रम में 16 मार्च को कटनी विरूद्ध नरसिंहपुर जिले के मध्य खेले गए मैच में कटनी जिला 08 विकेट से जीत के सेमीफाइनल मैच में पहुंच गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए नरसिंहपुर जिले ने 10.4 ओवरों में आल आउट होकर मात्र 35 रन बनाए, कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को भी नहीं छू सका। कटनी जिले ने 07 ओवरों में 36 रन बनाकर मैच 08 विकेट से जीत लिया प्रियांशी सिंह, अर्पणा गुप्ता,



प्राची दिक्षित, सोना होतवानी, प्रेरणा कनौजिया ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। नरसिंहपुर जिले से आर्या चौधरी और आन्वी महाजन ने 1-1 विकेट लिए इस मैच में अमित यादव, संदीप बक्स एम्पायर और स्कोरर सचिन साहू रहे।



# गाय के दूध और खजूर से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने कराया रोजा इफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने रमजान उल मुबारक के 26वे रोजे पर होटल समदड़िया बराट रोड में रोजा इफ्तार किया 7 इस दौरान गाय के पौष्टिक दूध और खजूर से रोजगारों ने रोजा इफ्तार किया नमाज के बाद रोजगारों ने पूरे मुल्क और प्रदेश की सलामती की दुआएं मांगी। इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के एस. के. मुद्दीन , एडवोकेट तबरेज शेख, शाहरुख मुद्दीन , सुरेश देशपांडे , अनूप शुक्ला ,शौकत अली ,अनवर हुसैन, यदुवंश मिश्रा ,आसिफ अली, फरत कुरेशी ,विजय राज पटेरिया के साथ ही विशेष रूप से अभिमन्यु शाखा एवं दयानंद व्यवसाय शाखा के स्वयंसेवकों ने आफतार मे भाग लेकर समरसता का संदेश दिया।

# मोबाइल पर मिली 250 से अधिक युवतियों की तस्वीरें, पुलिस की गिरफ्त में शातिर ब्लैकमेलर

## बरगी थाना क्षेत्र का मामला, नागपुर से गिरफ्तार हुआ आरोपी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

छात्रा की शिकायत पर बरगी थाने की पुलिस ने नागपुर से एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो सोशल मीडिया पर युवतियों से दोस्ती कर उन्हें ब्लैकमैल कर रूपयों की डिमांड और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। इस मामले में विगत 11 मार्च को बरगी नगर पुलिस चौकी पहुंची 23 साल की एमबीए छात्रा पुलिस को शिकायत कर बताया था कि साहिल विश्वकर्मा उसके दोस्त हर्षित मिश्रा का दोस्त है, जिसने उसके दोस्त के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसके फोटो-वीडियो वायरल करने का मैसेज किया है। जिसके बाद वह अब तक 40-50 हजार रुपए दे



चुकी है। लेकिन इसके बाद भी वह शारीरिक संबंध बनाने की धमकी देकर उसे ब्लैकमैल कर रहा है। इस शिकायत की गंभीरता को देखते हुए बरगी नगर चौकी प्रभारी सरिता पटेल ने फौरन वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी 23 वर्षीय साहिल निवासी बरगी को नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

### बरामद हुए कई सिम कार्ड

बताया जा रहा है कि बरगी नगर का रहने वाला 23 वर्षीय साहिल ग्रेजुएट है। पिता ड्राइवर और घर पर मां एवं छोटी बहन है। आरोपी जानता था कि उसके दोस्त हर्षित की एक दोस्त है, जो अक्सर उससे मिलती थी पर करीब आठ माह से दोनों की बात बंद है। इसका फायदा उठाते हुए साहिल ने इंस्टाग्राम पर हर्षित के नाम से फर्जी आईडी बनाई और उसकी फोटो लगा दी। इसके बाद आरोपी युवती से रकम ऐंठते चला गया। युवती की शिकायत के बाद बरगी नगर चौकी प्रभारी सरिता पटेल सबसे पहले उसके घर पहुंचीं, जहां पिता ने बताया कि वह होली में कुछ दिन के लिए आया था और फिर वापस नागपुर चला गया है। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर बरगी पुलिस चौकी की एक टीम फौरन नागपुर के लिए रवाना हुई और साहिल के रूम पर छापा मारते हुए उसका मोबाइल फोन, पेन ड्राइव एवं ओटीजी, अलग-अलग कंपनी की सिम कार्ड जब्त किए। इनकी जांच में 250 से ज्यादा लड़कियों की फोटो मिले।

### मिली 100 से ज्यादा फेक आईडी

वहीं पता चला कि यह लड़कियां ना सिर्फ मप्र बल्कि महाराष्ट्र, यूपी और छत्तीसगढ़ की थीं, जिनसे साहिल ने इंस्टाग्राम में लड़की के नाम से दोस्ती की थी। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी की इंस्टाग्राम में 100 से ज्यादा फेंक आईडी मिली हैं, जो कि अलग-अलग लड़कियों के नाम की हैं। यह हर लड़की से दोस्ती करता और फिर उनको यह धमकी देता कि तुम्हारे और बाय फ्रेंड की कुछ वीडियो, फोटो मेरे पास हैं, जो वायरल हो गई तो परेशान होगी। पुलिस आरोपी को नागपुर से गिरफ्तार करके जबलपुर लाई है।

# दो सैकड़ा सागौन पेड़ कटाई पर सवाल?

## खैरलांजी वन परिक्षेत्र का मामला, पंचायत की अनुमति का हवाला





बालाघाट(स्वतंत्र मत)

एक ओर सरकार एक पेड़ माँ के नाम और माँ की बगिया जैसे अभियानों के जरिए पर्यावरण संरक्षण का ढिंढोरा पीट रही हैं, वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र सीमा से लगे खैरलांजी तहसील क्षेत्र में हरियाली पर तस्करों के आरा चलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। ताजा मामला ग्राम सावरी का है, जहाँ वैनगंगा नदी के तट पर स्थित निजी बंजर भूमि से दो सैकड़ा से अधिक बेशकीमती सागौन के पेड़ों को धराशायी कर दिया गया।

### अनुमति के नाम पर अंधेरगर्दी...

सागौन एक राष्ट्रीयकृत वृक्ष है, जिसकी कटाई के लिए कड़े विभागीय नियमों का पालन अनिवार्य है। जानकारी के अनुसार, इस भूमि के स्वामी ने वर्ष 2025 में कटाई के लिए आवेदन किया था। तहसीलदार और वन विभाग की जांच भी हुई, लेकिन विभाग ने कटाई की अनुमति प्रदान नहीं की थी। इसके बावजूद, सावरी और खैरी निवासी दो रसूखदार तस्करों ने पंचायत की कथित अनुमति का हवाला देकर दो सैकड़ा से अधिक पेड़ों को काट दिया। सवाल यह उठता है कि जब मामला हाई कोर्ट और एनजीटी के निर्देशों के अधीन है, तो पंचायत को इतनी बड़ी संख्या में पेड़ काटने की अनुमति देने का साहस कहाँ से मिला?

### रसूखदारों के आगे नतमस्तक प्रशासन?

सूत्रों की मानें तो जिस भूमि पर यह कटाई हुई है, वह एक प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से संबंधित है। यहीं कारण है कि वन विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई के दावों के बीच तस्करों के हौसले बुलंद हैं। विभागिय जानकारों की माने तो 25 से अधिक पेड़ काटने के लिए हाई लेवल कमेटी की अनुमति आवश्यक हैं। ऐसे में बिना अनुमति के हुई यह कटाई सीधे तौर पर भारतीय वन अधिनियम 1927 का उल्लंघन हैं, जिसमें 3 साल की जेल और भारी जुर्माने का प्रावधान है।

### सरकार की दोहरी नीति पर सवाल...

यह घटना प्रदेश सरकार की मंशा पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। एक तरफ पंचायतों पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण का दबाव बनाया जाता है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं पंचायतों को अंधाधुंध कटाई की खिड़की दे दी गई है। क्या सरकार की योजनाएं केवल कागजों और विज्ञापनों तक सीमित हैं? यदि वन विभाग और राजस्व विभाग की जांच के बाद भी कटाई नहीं रुकी, तो स्पष्ट है कि मैदानी स्तर पर तस्करों और रसूखदारों का तंत्र सरकारी तंत्र पर भारी पड़ रहा है।

### तस्करों पर शिकंजा कब?

**खैरलांजी क्षेत्र में अवैध लकड़ी का परिवहन पिकअप, ट्रैक्टर और ट्रकों के जरिए धड़ल्ले से जारी है। यद्यपि विभाग जब्ती की कार्रवाई करता है, लेकिन मुख्य तस्कर और उन्हें संरक्षण देने वाले चेहरे अब भी कानून की पकड़ से दूर हैं। यदि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई, तो वैनगंगा का तट जल्द ही पेड़ों से विहीन हो जाएगा।**

# बाईपास में मिट्टी के ढेर से हुआ सड़क हादसा

**कटंगी (स्वतंत्र मत)।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज से लेकर भालवा नाले के बीच और खजरी-खमरिया बाईपास पर बीते एक पखवाड़े से लगातार सड़क हादसे की घटनाएं हो रही है। इन हादसों की वजह सड़क पर फैली मिट्टी और मिट्टी के वह ढेर है, जिसे एमपीआरडीसी के द्वारा बनाई गई सड़क के साइड सोल्डर की खुदाई करने के बाद सड़क पर फेंका जा रहा है। दरअसल, मिट्टी की ढेर की चपेट में आने से रविवार की देर शाम करीब साढ़े 08 बजे बाइक सवार तीन बालक घायल हुए है। जिनमें दो को अधिक चोट आई है और दोनों को सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। हादसे के बाद गश्त कर रही डायल 112 में पदस्थ पुलिस कर्मचारी मनोज पटेल ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पूरी घटना की जानकारी वरिष्ट अधिकारियों को दी। घायलों की पहचान शिवम पिता राजेश परिहार निवासी बोथवा, अंकित पिता सुनील पटले निवासी ग्राम बीसापुर के रूप में हुई। वहीं अन्य तीसरे बालक को मामूली चोट आई है। सड़क हादसे के बाद जब घायलों को अस्पताल लाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने एक बालक को रेफर करने की कार्रवाई की तो घायल को जिला अस्पताल ले जाने के लिए परिजनों को एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिली। जिससे वह बिफर पड़े कुछ देर शोर करने के बाद प्राइवेट वाहन से स्वयं के वहन पर वह घायल को बालाघाट लेकर गए। मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना का कार्य करने वाली दतिया की कंपनी के कर्मचारी पाइप लाइन का विस्तार करने के लिए अवैध तरीके से बाईपास और मुख्य सड़क मार्ग पर साइड सोल्डर की खुदाई कर रहे है। खुदाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी को सड़क पर फेंका जा रहा है। खास बात यह है कि ठेकेदार ने साइड सोल्डर की खुदाई के लिए एमपीआरडीसी विभाग से कोई अनुमति नहीं ली लेकिन फिर भी विभाग के अधिकारी मौन है। इस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी दीपक आड़े को तस्वीरें भेजकर पूर्व में ही अवगत करवाया गया था किंतु उन्होंने तो अपनी आंखों में धृतराष्ट की तरह पट्टी बांध रखी है।

# संचेती फाउंडेशन और एचसीएल मलाजखंड ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

## प्री-प्रायमरी स्कूल की बालिकाओं के लिए डेस्क-बेंच प्रदान की




**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसा में संचेती फाउंडेशन मलाजखंड की ओर से प्री-प्रायमरी कक्षा की बालिकाओं के लिए डेस्क और बेंच उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल से नन्हीं बालिकाओं को बेहतर और सुविधाजनक वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। वर्तमान में संचेती फाउंडेशन मलाजखंड क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा और विकास के कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है। इसी क्रम में एचसीएल कंपनी मलाजखंड के प्रबंधक और उनकी सहयोगी टीम द्वारा विद्यालय की बच्चियों को नई दिशा की ओर बढ़ाने के उद्देश्य से यह सहयोग प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कामडे, प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका सुजाता बंसोड़ सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने फाउंडेशन और कंपनी के इस सहयोग की सराहना की। विद्यालय परिवार की ओर से संचेती फाउंडेशन एवं एचसीएल कंपनी मलाजखंड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही उम्मीद जताई गई कि भविष्य में भी कंपनी इसी प्रकार बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और विद्यालयों के विकास में सहयोग प्रदान करती रहेगी।

# बीकॉम छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, बिस्तर पर मिला सुसाइड नोट

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले के भरवेली थाना क्षेत्र की दुर्गामाई कॉलोनी में सोमवार को एक 20 वर्षीय बीकॉम छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सजन पिता गोपीराम पटेल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर लिया। भरवेली पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जो सजन के बिस्तर पर रखा हुआ था। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि वह परेशान होकर यह कदम उठा रहा है। हालांकि, उसकी परेशानी का स्पष्ट कारण नोट में नहीं बताया गया है, जिसके चलते पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। भरवेली थाना के एएसआई सोमलाल कावरे के अनुसार, परिजनों ने बताया कि सजन रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। 15 मार्च की देर रात करीब 11 से 12 बजे के बीच जब उसका बड़ा भाई किसन कमरे में पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां सजन कमरे के पंखे से फांसी के फंदे पर लटका मिला।

## जॉब नहीं लगने से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 में नौकरी नहीं लगने से परेशान एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान निलेश पिता सेहेजलाल दसेरे (29) निवासी वार्ड नंबर 4, बालाघाट के रूप में हुई है। बताया गया कि 15 मार्च की रात वह परिवार के साथ भोजन करने के बाद छत पर सोने चला गया था।

# खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने की छापामार कार्रवाई

## चिल्लौद में गैस गोदाम से 232 सिलेंडर जब्त



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने 14 मार्च को चिल्लौद स्थित अली गो-गैस एजेंसी के गो-गैस गोदाम पर छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई जिला आपूर्ति अधिकारी रविकांत ठाकुर के नेतृत्व में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार एवं आकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में की गई। जांच के दौरान गोदाम की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। गोदाम की छत क्षतिग्रस्त थी तथा गैस सिलेंडरों के भंडारण के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था भी मौजूद नहीं थी। निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम में अग्निशामक यंत्र की वैधता समाप्त हो चुकी थी और रेत की बाल्टियां सहित अन्य जरूरी सुरक्षा इंतजाम भी उपलब्ध नहीं थे। इसके अलावा मौके पर विस्फोटक लाइसेंस, एनओसी, स्टॉक बोर्ड तथा गैस सिलेंडरों से संबंधित संधारित अभिलेख भी उपलब्ध नहीं पाए गए, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। जांच के दौरान गोदाम में रखे 202 खाली गैस सिलेंडर और 30 भरे गैस सिलेंडर जब्त किए गए। सभी सिलेंडरों का पंचनामा तैयार कर उन्हें आगामी आदेश तक ? श्री माँ इंडेन, वारासिवनी की सुपुर्दगी में दे दिया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

## जिले में हो रहे अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में सोमवार 16 मार्च को कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने कहा कि जिले में हो रहे अवैध अतिक्रमण पर राजस्व अधिकारी एवं नगर पालिका अधिकारी सख्त से सख्त कार्यवाही करें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कहा कि नगर में सब्जी की दुकानों को निर्धारित सब्जी मंडी पर लगवाया जाए, ताकि आवागमन सुगम रूप से हो सके। उन्होने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से कहा कि पानी की समस्या कि जानकारी मिलने पर उसका त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि पेयजल की समस्या से आम जनों को जूझना नही पड़े।उन्होने कहा कि सर्वाइकिल कैंसर से बचाव हेतु छात्रावासों की 13 से 15 वर्ष की बच्चियों को एचपीवी का टीका लगवाया जाए। बैठक में कलेक्टर ने घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस की उपलब्धता है।उन्होने कहा कि बुकिंग में आ रही सर्वर डाउन की समस्या के लिए निरंतर रूप से भोपाल स्तर पर संपर्क स्थापित किया जा रहा है।उन्होंने तीनों अनुविभाग के एसडीएम एवं आबकारी विभाग से कहा कि जिले में अवैध रूप से हो रही शराब कि पैकारियों पर निगरानी रखते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।उन्होंने पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय, डब्ल्यूआरडी एवं अन्य विभागों से कहा कि खबरो को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराएं।उन्होने कहा कि वनाधिकार के पट्टों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए।

# हंसवाहिनी स्कूल के छात्र का सैनिक स्कूल में हुआ चयन




उमरिया (स्वतंत्रमत)

नगर के खलेसर स्थित हंस वाहिनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि विद्यालय के कक्षा पाँचवीं में अध्ययनरत छात्र राम कुशल बैगा, पिता श्री राम मिलन बैगा, का चयन ऑल इंडिया सैनिक स्कूल, मध्य प्रदेश के लिए हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। राम कुशल बैगा ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और नियमित अध्ययन के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक मानी जाती है, जिसमें चयन होना विद्यार्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस सफलता से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक श्री आर.पी. राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने छात्र की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि राम कुशल बैगा आगे चलकर देश की सेवा करते हुए अपने परिवार, विद्यालय और जिले का नाम और भी रोशन करेगा।

# अतिक्रमण की नीयत से काटे कालरी कवार्टर के पास लगे हरे भरे पेड़, जीएम ने जांच और कार्रवाई के दिए निर्देश



उमरिया (स्वतंत्रमत)

हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, जिससे आम जनता में गहरा असंतोष और नाराजगी है। यह कृत्य न केवल जैव विविधता को नष्ट करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और मृदा अपरदन जैसी गंभीर समस्याएं पैदा कर रहा है। नाराज नागरिक अवैध कटाई के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और पर्यावरण संरक्षण की मांग कर रहे हैं। जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित एसईसीएल के पाली प्रोजेक्ट क्षेत्र में कंपनी क्वार्टर के पास हरे-भरे पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, ए-टाइप कॉलोनी के समीप लगभग 10 हरे पेड़ों को काटा गया है। कई अन्य खड़े पेड़ों को भी नुकसान पहुंचाया गया है, जिससे उनके सूखने और गिरने का खतरा बढ़ गया है। पेड़ों की कटाई के बाद संबंधित भूमि पर अतिक्रमण की गतिविधियां भी शुरू हो गई हैं। इससे क्षेत्र के पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के साथ ही कंपनी की जमीन पर अवैध कब्जे की आशंको भी बढ़ गई है। मामले की जानकारी मिलते ही महाप्रबंधक जॉन सल्डाना ने तत्काल सुरक्षा अधिकारी को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। अधिकारी अब यह पता लगा रहे है कि पेड़ों की कटाई किसके द्वारा और किस उद्देश्य से की गई है। पेड़ों की कटाई को लेकर आसपास के रहवासियों में भी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि हरियाली खत्म होने से क्षेत्र का पर्यावरण प्रभावित होगा। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो अतिक्रमण और बढ़ सकता है।

### नाराजगी के कारण

पर्यावरण को नुकसानरू पेड़ काटने से वर्षा में कमी, जल स्तर में गिरावट और गर्मी में वृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग) जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। अवैध कटाई पर कार्रवाई की मांग.. लोग बिना अनुमति के काटे जा रहे पेड़ों को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# अखिल भारतीय चिकित्सा संघ का जिला सम्मेलन सम्पन्न, कई जिलों के अध्यक्ष नियुक्त



उमरिया (स्वतंत्रमत)

अखिल भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा जिला उमरिया का जिला सम्मेलन रविवार 15 मार्च 2026 को बांधवगढ़ के सन रिसोर्ट में आयोजित किया गया। सम्मेलन में संघ के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिले के चिकित्सकों ने अतिथियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के.के. शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक डॉ. एस.एस. तोमर, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सचेत व्यास, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सिमरन रंधावा, प्रदेश महासचिव डॉ. बनवारी लाल त्यागी, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. अखिलेश त्रिपाठी तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. अनु शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत भाषण प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. अखिलेश त्रिपाठी द्वारा दिया गया। वहीं उमरिया जिला इकाई की ओर से सभी राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सम्मेलन का संचालन जिला अध्यक्ष डॉ. अखिलेश तिवारी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के.के. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय चिकित्सा संघ मध्य प्रदेश सरकार से लगातार संपर्क में है और प्रयासरत है कि प्रदेश में स्वास्थ्य संवर्धन बोर्ड का गठन हो सके, जिससे चिकित्सकों को उनके अधिकार और सम्मान प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि कोविड काल जैसे कठिन समय में चिकित्सकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना जनसेवा की है। उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चिकित्सकों के हित में बोर्ड गठन का आश्वासन दिया गया था, जिसे पूरा कराने के लिए संगठन निरंतर प्रयास कर रहा है। राष्ट्रीय संयोजक डॉ. एस.एस. तोमर ने चिकित्सकों को अपने पेशे की मर्यादा बनाए रखते हुए बेहतर चिकित्सा सेवा देने के सुझाव दिए और समाज व प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सचेत व्यास ने नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए निर्देश दिया कि सभी जिले 15 दिनों के भीतर अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन कर प्रदेश कार्यकारिणी को सूचित करें। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर एक बड़े आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है तथा मध्य प्रदेश में भी एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन की ओर से उपमुख्यमंत्री: स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से कई बार मुलाकात कर चिकित्सकों की समस्याओं से अवगत कराया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सिमरन रंधावा ने आयोजन टीम को शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न जिलों के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की। इसके अंतर्गत डॉ. अखिलेश तिवारी को पुन: जिलाध्यक्ष उमरिया, डॉ. अमित गुप्ता को जिलाध्यक्ष कटनी, डॉ. आनंद गोलदार को जिलाध्यक्ष डिंडोरी, डॉ. मनोज पतरे को जिलाध्यक्ष मंडला तथा डॉ. ज्ञानेंद्र प्रजापति को जिला सचिव कटनी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के प्रति आभार डॉ. अमृतलाल जायसवाल द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी डॉ. शिवनाथ साहू ने दी। सम्मेलन में उमरिया जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.पी. झा, डॉ. ए.के. अधिकारी, डॉ. निगम, डॉ. एम.एच खान, डॉ. जितेश मिश्रा, डॉ. प्रकाश रजक सहित अन्य चिकित्सक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अंतरशालेय खेलकूद प्रतियोगिता

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के आदेशानुसार पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में प्रभारी प्राचार्य जयकुमार बैरागी के मार्गदर्शन में तथा पीटीआई अशोक वरकड़े के नेतृत्व में संकुल स्तरीय अंतर शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जय कुमार बैरागी, जब्बार खान प्रधान पाठक माध्यमिक शाला उमरिया, महेश प्रसाद सरोते, आसिफ खान एवं एसएमडीसी के समस्त सदस्यगणों तथा उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

## जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा गोड़ी पब्लिक ट्रस्ट रपटा घाट में डीलिस्टिंग गर्जना महारैली दिल्ली चलो तैयारी को लेकर कामकाजी बैठक संपन्न आयोजित की। जिसमें प्रत्येक ब्लॉक के हर ग्राम पंचायत में छोटी छोटी बैठक ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित दिवाल लेखन सोशल मीडिया जनजाति समाज के प्रत्येक समाज के प्रमुख की बैठक सुनिश्चित किया गया है और अधिक से अधिक लोगों की पंजीयन कराने घगट प्रमुख की सूची बनाने की योजना बनाई गई है जिसमें संरक्षक देव सिंह, सैयाम जिला पालक संजय कुशराम जिला संयोजक नीरज, मरकाम सह संयोजक सोनू मरावी, जिला महिला प्रमुख श्रीमति प्रिया धुर्वे, प्रांत चिकित्सा प्रमुख तारा सिंह मार्को, जिला संगठन मंत्री राजू कुड़ापे व सभी ब्लॉक संयोजक उपस्थित रहे

## फूड फेस्टिवल का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** चेट्रीचंड महोत्सव के प्रारंभिक आयोजन की श्रृंखला में सिंधी सामाजिक की महिलाओं बालिकाओं के द्वारा नगर के स्थानीय हाल में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें चटपटे लजीज व्यंजनों को शामिल किया गया। महिलाओं ने अपनी पाक कला एवं अनुभव के आधार पर एक से एक व्यंजनों के स्टॉल लगाए फूड फेस्टिवल का सामाजिक जनों ने भरपूर आनंद लिया। आयोजन की शुरूआत पूज्य सिंधी पंचायत, मातृशक्ति संगठन, सिंधु नवयुवक मंडल एवं समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा भगवान झूलेलाल पर दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद बड़ी संख्या में सामाजिक परिवारों के सदस्य शामिल हुए और आनंद मेले का लुत्फ उठाया।

## प्रांतीय सम्मेलन में मैहर रवाना

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन का 17 मार्च को मां शारदा की नगरी मैहर में प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं पर आगामी रणनीति तय करने तथा पेंशनर्स की मांगों पर विचार विमर्श कर अग्रिम कार्रवाई के निर्णय लिए जाएंगे। जिला से एक प्रतिनिधिमंडल मैहर के लिए रवाना हुआ। जिसमें वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष तथा जिला शाखा मंडला के अध्यक्ष बीके राय, जिला सचिव एनके के शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष एस के पटेल तथा जिले के पदाधिकारी अशोक नाविक, लखन बरमैया, एमएस परस्ते सम्मेलन में भाग लेने रवाना हुए।

## योजना पर दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला पंचायत सभा कक्ष में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। वीबी जी राम जी योजना और उसके ड्राफ्ट से जुड़े विषयों पर आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार ग्रामीणों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं और वीबी जी राम जी जैसी योजनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराना इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मंडला जिलाध्यक्ष बने महेन्द्र डोंगरे

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्र मत)।** महेन्द्र डोंगरे सुदर्शन समाज मुकाम पोस्ट बिछिया को जिला अध्यक्ष मंडला महादलित परिसंघ मध्यप्रदेश पद पर नियुक्त किए जाने पर बधाई दी गई। संरक्षक अशोक मेंडे, राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश पिम्परे, राष्ट्रीय संयोजक प्रताप करोशिया, अध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आयोग नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री दर्जा के प्रस्ताव एवं राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव चंदन लाल बाल्मीकि की अनुशंसा पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश उटमालिया की सहमती पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु भारती की सहमति के आधार पर मंडला जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई।



# पुलिस को मिली सफलताः डीजल चोर गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

# सैकड़ों लीटर डीजल के साथ कार व अन्य समान जब्त

मण्डला (स्वतंत्र मत)

जिले में बीते कुछ समय से विभिन्न थाना क्षेत्रों में ट्रकों डम्फरों एवं अन्य भारी वाहनों से डीजल चोरी की घटनाओं की लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों और सुनसान मार्गों पर रात्रि विश्राम के दौरान खड़े वाहनों को निशाना बनाकर डीजल चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं। इन घटनाओं के कारण वाहन चालकों एवं परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों में असुरक्षा का माहौल बन गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडला पुलिस ने इस पर विशेष अभियान चलाते हुए कार्रवाई की। जिसमें डीजल चोरी करने वाले एक सक्रिय गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जिले के पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा जिले में हो रही डीजल और पेट्रोल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिए थे कि जिन क्षेत्रों में डीजल चोरी की घटनाएं अधिक हो रही हैं वहां लगातार निगरानी रखी जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में थाना नैनपुर क्षेत्र में सक्रिय डीजल चोरी गैंग की पहचान की गई जिसमें कुल 11 आरोपियों की गैंग हिस्ट्रीशीट भी पुलिस द्वारा खोली गई है। इन आरोपियों पर लगातार पुलिस की निगरानी रखी जा रही है। पुलिस को सूचना मिल रही थी कि यह गैंग रात के समय सड़क किनारे खड़े ट्रकों डंपरों और भारी वाहनों को निशाना बनाकर उनकी डीजल टंकियों का ताला तोड़कर डीजल चोरी करता है और बाद में उसे अवैध रूप से बेच देता है। इसी दौरान थाना कोतवाली मंडला में एक शिकायत दर्ज कराई गई जिसने इस पूरे मामले का खुलासा करने में अहम भूमिका निभाई। ग्राम ब्यौहारी थाना किंदरई जिला सिवनी निवासी राहुल सिंगौर जो पेशे से डंपर चालक है ने थाना कोतवाली मंडला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह डंपर क्रमांक एमपी/20/जीआर 9507 चलाता है। 14 मार्च 2026 की रात वह अपने डंपर से जा रहा था तभी रास्ते में गाजीपुर स्थित रितेश ढाबा के सामने उसके वाहन की क्लच प्लेट खराब हो गई। तकनीकी खराबी के कारण उसने अपना डंपर सड़क किनारे खड़ा कर दिया और रात में वहीं सो गया। अगले दिन 15 मार्च 2026 की सुबह लगभग 4 बजे जब वह उठा तो उसने देखा कि उसके डंपर की डीजल टंकी का ताला टूटा हुआ है। जांच करने पर पता चला कि टंकी में रखा लगभग 64 लीटर डीजल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। चोरी हुए डीजल की अनुमानित कीमत लगभग 6 हजार रुपये बताई गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इसी गैंग द्वारा हिरदेनगर चौकी क्षेत्र थाना महाराजपुर में भी डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। 15 मार्च को ही स्लिमनाबाद जिला कटनी निवासी सुखचैन ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि औघटखपरी स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर खड़े कई ट्रकों से रात के समय डीजल चोरी कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो पाया गया कि तीन ट्रकों की टंकियों से बड़ी मात्रा में डीजल चोरी किया गया है। ट्रक क्रमांक सीजी/04/एनसीबाय/ 1904 से लगभग 80 लीटर, ट्रक क्रमांक एमपी/17/एचएच/ 4380 से करीब 150 लीटर तथा ट्रक क्रमांक यूपी/20/बीटी/3146 से लगभग 100 लीटर डीजल चोरी किया गया था। इस प्रकार कुल 330 लीटर डीजल चोरी हुआ जिसकी कीमत लगभग 30,875 रुपये बताई गई। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर थाना कोतवाली के थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी तथा मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया था। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि डीजल चोरी करने वाले कुछ आरोपी रामनगर तिराहा के पास जंगल क्षेत्र में मौजूद हैं और चोरी किए गए डीजल को कहीं ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और वहां से तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम भूपेंद्र ठाकुर, राहुल यादव और नीरज सोनी बताया। जांच में यह भी सामने आया कि तीनों आरोपी थाना नैनपुर में खोली गई डीजल चोरी गैंग की हिस्ट्रीशीट में शामिल हैं और लंबे समय से इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में पहला आरोपी भूपेंद्र ठाकुर पिता शेर सिंह ठाकुर उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम कुरवारी थाना घंसौर, हाल निवासी ग्रीन सिटी जबलपुर है। दूसरा आरोपी राहुल यादव पिता समारू यादव उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 नैनपुर तथा तीसरा आरोपी नीरज सोनी पिता रमेश सोनी उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 नैनपुर है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में चोरी किया गया डीजल तथा अन्य सामान बरामद किया गया। आरोपी भूपेंद्र ठाकुर के कब्जे से टाटा कंपनी की सफेद रंग की हैरियर कार क्रमांक एमपी/20/सीएल/8552 जब्त की गई। जिसका उपयोग आरोपी डीजल चोरी करने और उसे ले जाने के लिए करते थे। इसके अलावा 12 प्लास्टिक के जरीकेन भी जब्त किए गए जिनमें प्रत्येक की क्षमता लगभग 30 लीटर थी। इन जरीकेनों में कुल मिलाकर लगभग 360 लीटर डीजल बरामद किया गया। इसके साथ ही आरोपी भूपेंद्र ठाकुर के पास से ओप्पो कंपनी का एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। आरोपी राहुल यादव के पास से गूगल पिक्सल कंपनी का मोबाइल फोन तथा आरोपी नीरज सोनी के पास से इंटेक्स कंपनी का की–पैड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा इन मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है जिससे यह पता लगाया जा सके कि आरोपी किन–किन लोगों के संपर्क में थे और इस गैंग में और कौन–कौन लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर उनके अन्य साथियों और इस गैंग के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। संभावना जताई जा रही है कि इस गैंग में और भी कई लोग शामिल हो सकते हैं जो विभिन्न जिलों में इसी तरह की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। मंडला पुलिस ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना है। पुलिस का कहना है कि इस गैंग की गिरफ्तारी से जिले में हो रही डीजल चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगेगा और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी। इस पूरे अभियान में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही। एसडीओपी पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली के थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। इस टीम में उप निरीक्षक योगेश पाटीदार, सहायक उप निरीक्षक भुवनेश्वर वमनकर, प्रधान आरक्षक नंदलाल उइके, संतलाल उइके, अशोक मार्को, आरक्षक प्रियांशु पाठक, मृदुल पटेल, रमेश सिंगरौरे, दुर्गेश भलावी, शिव नाविक, जगदीश धुर्वे, मानसिंह परस्ते, संदीप परस्ते, शैलेंद्र राय तथा आरक्षक चालक ब्रजेश उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





## विमुक्त घुमंतू समाज की बैठक में बनी रणनीति

मण्डला/बिछिया (स्वतंत्र मत)

जिले की तहसील बिछिया के सरस्वती शिशु मंदिर हाल में आरक्षण को लेकर विमुक्त घुमंतू जनजाति संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नारायण सिंह बंजारा के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों ने आरक्षण को लेकर अपने अपने सुझाव विस्तार से रखे। बैठक प्रभारी ईश्वर सिंह पवार जिलाध्यक्ष अनूपपुर, सहप्रभारी जीवन सिंह बंजारा जिलाध्यक्ष डिंडोरी,मंडला जिलाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य अनंत सिंह राठौर, वरिष्ठ गोपी चौहान बिछिया, टेम सिंह बंजारा बंजारा समाज अध्यक्ष बिछिया, जोगी समाज प्रदेशाध्यक्ष संतोष सोलंकी, छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष राजेंद्र राठौर, तुल्सिंग बंजारा कवर्धा छत्तीसगढ़ ने अपने संबोधन में घुमंतू समाज की वर्तमान दिशा एवं दशा सामाजिक इतिहास के बारे में सबने विस्तार से बात रखी। प्रदेशाध्यक्ष नारायण सिंह बंजारा ने प्रदेश स्तर में संगठन द्वारा पारित प्रस्ताव रखा जिसमें निम्नानुसार सर्व सहमति से निर्णय लिये गए। विमुक्त घुमंतू जनजातियों को भारत के विभिन्न प्रांतों में के रूप विभाजित कर हमें बांटने का काम किया है जबकि यह समाज आरक्षण का अधिकार रखती है हमें भी अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विमुक्त घुमंतू संगठन द्वारा 2008 से निरंतर चली आ रही मांग निरंतर न्याय यात्रा के माध्यम से जिले तहसील स्तर पर विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों में शामिल करने की मांग का ज्ञापन दिए जाने को देखते हुए वर्ष 2013 एवं 2016 में घोषणा किए कि समस्त विमुक्त घुमंतू जनजातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाएगा।आज तक सरकार ने कोइ ठोस कार्यवाही नहीं गई। निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों विमुक्त घुमंतू की समस्त 51 जातियां एक साथ एकजुट हो कर भोपाल में लाखों की संख्या में उपस्थित हो कर जनाक्रोश रैली निकाल कर मुख्यमंत्री आवास विधानसभा का घेराव कर जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति में समस्त घुमंतू की 51 जातियों को शामिल करने हेतु संविधानिक रूप से हाई कोर्ट में याचिका संगठन की ओर से लगाई जाएगी जिसकी न्यायिक सुनवाई जल्द हो इसके लिए विभिन्न राज्यों में शामिल का राजपत्र दिए गए मांग पत्रों की रिसीव, फोटो, समाचार पत्रों की कटिंग का संकलन किया जा रहा है। भारत का सर्व प्रथम राज्य जहां विमुक्त घुमंतू जनजातियों के विकास के लिए अलग से मंत्रालय की स्थापना 2011 से की गई है जिसे 15 वर्ष हो गए जिसमें 40 करोड़ से शुरुआत हो कर आज 250 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है परंतु यह 250 करोड़ कहा जाता है कोई अता पता नहीं है इन समाजों को किसी प्रकार का इस बजट से कोई योजना का लाभ नहीं मिल पाया है मांग है कि इस जारी बजट से घुमंतू जातियों के लिए योजनाएं बना कर जरूरत मंदो को लाभ दिया जाए ताकि इन जातियों आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, राजनैतिक क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हो सके। बैठक में राकेश बंजारा ग्वालियर,लखन बंजारा ,राजेंद्र बंजारा डिंडोरी,सेवा सिंग बंजारा,मन मोहन सिंग,कलीराम राठौर, चंद्रलता बंजारा, हेमलता बंजारा, लवकुश राठौर, पुलिसिंग पवार, भूपेंद्र पवार, भागवत प्रसाद गहलोत, फग्गू चौहान, तेज सिंह पवार, मोहन नायक,भाव सिंह पवार, छत्तर बंजारा,गुलाब सिंह चौहान,प्रेम नायक, अशोक नायक, मोनू बंजारा, मिट ठान सोलंकी,सोनू राठौर,हजारी राठौर,हजारी राठौर,मुरारी नायक ,रामेश्वर नायक,संतोष पवार,सहित सैकड़ों सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। मंच संचालन श्याम चौहान एवं आभार प्रदर्शन गुलाब चौहान जिला सचिव ने किया।

## मानादेही सेक्टर में प्रशिक्षण कार्यक्रम



मण्डला(स्वतंत्र मत)

मप्र जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार नवांकुर योजना अंतर्गत सेक्टर स्तरीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखी योजनाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मानादेही सेक्टर के ग्राम पंचायत भवन मानादेही में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था सृजन विकास समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित अन्य सदस्य तथा नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत पंजीकृत नवांकुर सखी मौजूद थी। मप्र जन अभियान परिषद के जिला समंवयक राजेन्द्र चौधरी ने परिषद की संरचना, विभिन्न आयामों एवं समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। विकासखंड समंवयक संतोष झारिया ने समितियों के पंजीयन, नियम–निर्देश, नशा मुक्ति अभियान, जल संचय तथा जनभागीदारी आधारित जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना के संबंध में भी प्रशिक्षण प्रदान किया। ग्राम पंचायत मानादेही की सरपंच श्रीमती जय श्री उइके पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। परामर्शदाता लालाराम चक्रवर्ती ने समग्र ग्राम विकास की अवधारणा विषय पर सत्र लिया। प्रशिक्षण की व्यवस्था नवांकुर के समंवयक जितेन्द्र लारेश्वर ने किया। में प्रस्फुटन समिति मानादेही दीपक यादव, राजेश उइके मछरिया, वीरसिंह सेमीकोल, प्रमोद यादव घाघा, सृजन विकास समिति से श्रीमती कुसुमलता लारेश्वर, श्रीमती अनीता सोनगोत्रा एवं अन्य समितियों से सदस्य लोग शामिल हुये। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण सहभागिता का प्रमाण पत्र वितरण किया एवं मढईजर समिति अध्यक्ष सुकरत पंद्रो ने आभार प्रदर्शन किया।

## आम आदमी पार्टी की बिछिया में बैठक संपन्न

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्र मत)।** आम आदमी पार्टी की बैठक बिछिया में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम बिछिया विधानसभा से नवनियुक्त पदाधिकारियों का पार्टी की टोपी पहनाकर सम्मान किया गया और सदस्यता कराई गई। बैठक में वर्तमान में संपूर्ण जिले एवं प्रदेश में चल रहे संगठन निर्माण की जानकारी से साथियों को अवगत करवाया गया। साथ ही आम आदमी पार्टी के जिले भर में चल रहे संपूर्ण कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। वर्तमान परिदृश्य में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए शराब घोटाला जैसा घिनौना आरोप लगाकर राष्ट्रीय नेताओं को जेल में डालकर जो गंदी राजनीति बीजेपी ने की है उसके खिलाफ समस्त कार्यकर्ताओ ने रोष व्यक्त किया लेकिन न्यायालय ने हमारे सभी नेताओं ने ब इज्जत बरी कर यह साबित भी कर दिया कि आम आदमी पार्टी देश की एकमात्र कट्टर ईमानदार पार्टी है। इसी के साथ सभी ने कार्यकर्ताओं ने संकल्प किया कि आम आदमी पार्टी को बढ़ाने के लिए और ज्यादा मेहनत की जाएगी। साथ ही बिछिया ब्लॉक के लिए सर्वसहमति से सक्रिय कार्यकर्ता विशाल कटारिया को बिछिया ब्लॉक अध्यक्ष प्रस्तावित किया गया। बैठक में मुख्यरूप से जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला संगठन मंत्री शिशु सिंधु भलावी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कछवाहा, जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष यशवंत जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष धीरज पनरिया, जिला सह सचिव चंद्र सिंह मरावी रहे।

## लोमड़ी का आतंक, किया हमला

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** विकासखंड मोहगांव अंतर्गत ग्राम सुडगांव में रविवार सुबह लगभग 10 बजे एक लोमड़ी ने अचानक गांव में घुसकर महिला पुरुष बच्चों और जानवरों पर हमला कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार लोमड़ी ने दो महिला, एक बच्चे, दो युवा लडक़ों सहित एक सुअर और एक बैल पर हमला कर दिया।

# नैनपुर में कादरी बिरयानी सेंटर से पाँच घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर के निर्देशन में प्रशासनिक टीम द्वारा नैनपुर नगर में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कादरी बिरयानी सेंटर में जांच कर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में घरेलू उपयोग के गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक कार्य में उपयोग पाया गया। जांच में कुल पाँच घरेलू गैस सिलेंडर मौके पर पाए गए, जिन्हें नियमों के विरुद्ध उपयोग किए जाने पर अधिकारियों द्वारा तत्काल जप्त कर लिया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही नियमानुसार जप्ती पंचनामा तैयार करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। साथ ही प्रतिष्ठान संचालक को गैस सिलेंडरों के उपयोग से संबंधित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए।




**कार्यालय ग्राम पंचायत मोहगांव माल**
**जनपद पंचायत मोहगांव**

पं.क्र./ग्रा.पं.2026–27 मोहगांव दिनांक 16.3.2026

**बाजार नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहगांव माल अंतर्गत वर्ष 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए साप्ताहिक बाजार एवं मड़ई सहित नीलामी दिनांक 18.3.2026 दिन बुधवार को समय 12:00 बजे से ग्राम पंचायत भवन मोहगांव में किया जाना है इ छुक बोलीदार निर्धारित समय में कार्यालय पहुंचकर नियमानुसार अमानत राशि 25000 (प चीस हजार रूपये) जमा कर नीलामी की बोली लगा सकते है। बोली समाप्त होने के पश्चात 50 प्रतिशत राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य है। बाजार नीलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय ग्राम पंचायत मोहगांव माल में कार्यालीन समय में देखी जा सकती है।
नोट :– ग्राम पंचायत कमेटी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

डी. एस. मरकाम, सचिव, ग्राम पंचायत मोहगांव माल
गुड्डीबाई भारतीया, सरपंच, ग्राम पंचायत मोहगांव माल
किशोर अग्रवाल, उपसरपंच, ग्राम पंचायत मोहगांव माल
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मोहगांव माल



**कार्यालय ग्राम पंचायत चुभावल**
**जनपद पंचायत मोहगांव जिला मण्डला**

क्रमांक/ग्रा.पंचा./निविदा/2026–27/54 दिनांक 16/3/2026

**निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14/03/2026 को ग्राम पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार ग्राम पंचायत अन्तर्गत वर्ष 2026–27 में विभिन्न मदो से कराये जाने हेतु निर्माण कार्य जैसे सार्वजनिक कूप निर्माण, कुप मरम्मत कार्य पुलिया निर्माण, पाईप लाईन विस्तारीकरण हेतु पाईप मोटर भवन निर्माण सामग्री, सीसी रोड निर्माण एवं अन्य सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु लगने वाली सामग्री रेत ईट गिटटी लोहा सरिया सीमेंट पाईप मुरर्म मिक्सर मशीन सेंटिंग वायवेटर खिड़की दरवाजा वेंटीलेशन 20 एम एम गिटटी 40 एम एम गिटटी एवं अन्य सामग्री आदि का जीएसटी बिल वाले सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में निर्धारित सामग्री दर के अनुसार निविदा आमंत्रण दिनांक 16/03/2026 से 23/03/2026 तक कार्यालयीन समय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच, ग्राम पंचायत चुभावल, जनपद पंचायत मोहगांव
सचिव, ग्राम पंचायत चुभावल, जनपद पंचायत मोहगांव

संपादकीय

## राहुल का 'सियासी पासा'

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कांशीराम को सामाजिक न्याय का महान योद्धा और बहुजन चेतना का मार्गदर्शक बताते हुए 'भारत रत्न' देने की मांग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए खत लिखा है। यह चिट्ठी महज कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यूपी की राजनीति में फेंका गया एक ऐसा 'सियासी पासा' है, जिसकी गूंज दिल्ली से लखनऊ के सत्ता के गलियारों तक सुनाई देगी। क्योंकि यह रणनीति मायावती के वोट बैंक में सेंधमारी, बसपा के साथ भविष्य के गठबंधन के संकेत और सपा-बीजेपी के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर सकती है।

आज जो कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपने वजूद की लड़ाई लड़ रही है, एक समय में इसी यूपी में उसका एकछत्र राज हुआ करता था। उस दौर में कांग्रेस का सबसे मजबूत समीकरण 'ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम' हुआ करता था। दलित समाज कांग्रेस का सबसे वफादार और कोर वोटर था। बाबू जगजीवन राम जैसे नेताओं के चेहरे पर दलित आंख मूंदकर हाथ के निशान पर मुहर लगाते थे। लेकिन 80 के दशक के आते-आते यह समीकरण दरकने लगा। यही वह दौर था जब यूपी की धरती पर कांशीराम का उदय हुआ। बामसेफ और 'डीएस-4' से होते हुए जब कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की, तो उन्होंने सीधा हमला कांग्रेस के उसी दलित वोट बैंक पर किया। कांशीराम का नारा था- वोट हमारा, राज तुम्हारा, नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। कांशीराम ने दलितों, शोषितों और पिछड़ों को यह समझाया कि जो कांग्रेस उनसे वोट लेकर सत्ता चलाती है, वह असल में उन्हें सिर्फ एक वोट बैंक मानती है, हिस्सेदार नहीं। धीरे-धीरे दलित कांग्रेस से छिटकने लगा और हाथी की सवारी करने लगा। मायावती के सियासी उभार ने इस प्रक्रिया को पूरा कर दिया। दलित पूरी तरह बसपा के पाले में चला गया और कांग्रेस यूपी में ऐसी गर्त में गई कि आज तक वापसी के लिए छटपटा रही है। मायावती के उदय ने कांग्रेस को यूपी में हाशिए पर धकेल दिया था।

दशकों बाद कांग्रेस को यह बात समझ आ गई है कि बिना दलितों को साधे यूपी में सत्ता का सूखा खत्म नहीं हो सकता। राहुल गांधी का प्रधानमंत्री को लिखा गया पत्र और उनका ट्वीट इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। अपने पत्र में राहुल गांधी ने लिखा है कि कांशीराम जी ने भारतीय राजनीति की प्रकृति को बदल दिया और बहुजनों और गरीबों में राजनीतिक जागरूकता बढ़ाई। यह लाइन सिर्फ एक तारीफ नहीं है, बल्कि यह कांग्रेस द्वारा बहुजन आंदोलन की उस वैचारिकी को स्वीकार करना है, जिसे उसने दशकों तक नकारने की कोशिश की थी। राहुल गांधी कांशीराम को 'भारत रत्न' की मांग कर सीधे तौर पर दलितों के दिलों को छूने की कोशिश कर रहे हैं। हाल के चुनावों में बसपा का ग्राफ यूपी में लगातार गिरा है। दलित वोट खासकर गैर-जाटव छिटक कर बीजेपी की तरफ गया है और कुछ हिस्सा सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ। राहुल गांधी जानते हैं कि दलित अब नए विकल्प तलाश रहा है। ऐसे में कांशीराम के नाम का सहारा लेकर वह उस दलित वोटर को वापस 'हाथ' की तरफ लाना चाहते हैं, जो कभी उनका अपना हुआ करता था। लंबे समय से कांग्रेस बसपा को 'बीजेपी की बी-टीम' कहकर खारिज करती रही है। लेकिन इस चिट्ठी ने अचानक सुर बदल दिए हैं। कांशीराम को भारत रत्न की मांग कर राहुल ने मायावती को एक 'सॉफ्ट सिग्नल' दिया है। यह संदेश है कि हम आपके महापुरुषों का सम्मान करते हैं, इसलिए हमारे बीच राजनीतिक बातचीत हो सकती है।

# कौन जीतेगा चुनावी महाभारत..?

## क्या बंगाल में होगा बदलाव? क्या केरल में आखिरी किला बचा पाएंगे वामपंथी?



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

**पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल ऐसे राज्य हैं जहां भाजपा अब तक सत्ता से दूर रही है, लेकिन इस बार वह पूरी ताकत के साथ अपनी राजनीतिक उपस्थिति को विस्तार देने की कोशिश कर रही है। इन राज्यों में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रीय दल हैं।**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच एक और बड़े मुकाबले की तैयारी शुरू हो चुकी है, जबकि वामपंथ अपने आखिरी किले को बचाने की जंग लड़ने की स्थिति में दिखाई दे रहा है। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव केवल राज्यों की सत्ता का सवाल नहीं हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाले निर्णायक राजनीतिक संघर्ष के रूप में उभर रहे हैं। इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी अपने विस्तार की रणनीति के साथ मैदान में है, जबकि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इसे भाजपा के बढ़ते प्रभाव को रोकने की आखिरी बड़ी परीक्षा के रूप में देख रहे हैं।

देखा जाये तो लोकसभा चुनाव 2024 के बाद हुए कई विधानसभा चुनावों ने यह संकेत दिया कि भाजपा अभी भी राष्ट्रीय राजनीति की सबसे मजबूत ताकत बनी हुई है। विपक्ष को उम्मीद थी कि लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन के बाद उसका मनोबल बढ़ेगा, लेकिन बाद के चुनावों में भाजपा ने अपनी पकड़ बनाए रखी। अब पांच राज्यों में हो चुका चुनावी शंखनाद का दौर यह तय करेगा कि क्या भाजपा उन राज्यों में भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत कर सकती है जहां अब तक उसे सत्ता नहीं मिली है।

देखा जाये तो इन चुनावों की घोषणा ऐसे समय हुई है जब विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत रूप से तथा एनडीए सरकार पर कई मुद्दों को लेकर लगातार हमला कर रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता, पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे माहौल में इन चुनावों को जनता के वास्तविक राजनीतिक मूड की परीक्षा के रूप में भी देखा जा रहा है।

भाजपा इस चुनावी दौर में असम में सबसे अधिक आत्मविश्वास के साथ उतर रही है। 2016 से राज्य की सत्ता में मौजूद भाजपा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में खुद को मजबूत स्थिति में मान रही है। पार्टी ने बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ और स्थानीय पहचान के मुद्दों को चुनावी बहस के केंद्र में ला दिया है, जिससे चुनावी वातावरण और अधिक तीखा हो गया है।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल ऐसे राज्य हैं जहां भाजपा अब तक सत्ता से दूर रही है, लेकिन इस बार वह पूरी ताकत के साथ अपनी राजनीतिक उपस्थिति को विस्तार देने की कोशिश कर रही है। इन राज्यों में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रीय दल हैं। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भाजपा के सबसे मुखर विरोधियों में शामिल हैं और दोनों ही नेता इस चुनावी मुकाबले में सीधे भाजपा के निशाने पर हैं।

हम आपको बता दें कि चारों राज्यों में भाजपा केवल असम में सत्ता में है, जबकि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में वह सत्तारुढ़ गठबंधन का हिस्सा है। असम के बाद पार्टी की सबसे बड़ी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पश्चिम बंगाल में दिखाई देती है, जहां वह तृणमूल कांग्रेस को सीधी चुनौती दे रही है। वहीं तमिलनाडु में भाजपा ने अन्नाद्रमुक के नेतृत्व में एक व्यापक गठबंधन तैयार कर द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे को घेरने की रणनीति बनाई है।

केरल का चुनाव अलग मायने रखता है क्योंकि यहां परंपरागत रूप से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा ही मुख्य मुकाबले में रहे हैं। लेकिन पिछले चुनावों में भाजपा को करीब 17 प्रतिशत मत मिलने के बाद उसे यहां एक प्रभावशाली कारक के रूप में देखा जाने लगा है। ऐसे में यह चुनाव वामपंथ के लिए अपने आखिरी मजबूत किले को बचाने की चुनौती भी बन गया है।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी अभियान की कमान संभालते हुए इन सभी राज्यों में लगातार दौरे और रैलियां की हैं। विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ राजनीतिक संदेश देने की रणनीति अपनाते हुए उन्होंने खास तौर पर पश्चिम बंगाल में अपने हमलों को और अधिक तीखा किया। कोलकाता में आयोजित रैली में उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उनकी राजनीति राज्य में तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा देती है।

भाजपा का दावा है कि पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और धार्मिक पहचान से जुड़े मुद्दों ने व्यापक राजनीतिक बहस को जन्म दिया है। पार्टी का मानना है कि इन मुद्दों ने राज्य में राजनीतिक ध्रुवीकरण को मजबूत किया है और इससे उसे चुनाव में फायदा मिल सकता है।

ममता बनर्जी 2011 से लगातार सत्ता में हैं और उन्होंने कई बार भाजपा की चुनौती को रोकने में सफलता हासिल की है। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 18 सीटें जीतकर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया था। इसके बाद हुए चुनावों में भाजपा का मत प्रतिशत लगभग 38 से 39 प्रतिशत के बीच स्थिर रहा है, जिससे पार्टी को उम्मीद है कि इस बार वह ममता बनर्जी के किले में बड़ी सेंध लगा सकती है।

कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं हैं। 2014 के बाद से राष्ट्रीय राजनीति में लगातार कमजोर होती जा रही कांग्रेस अब इन चुनावों के जरिये अपने राजनीतिक अस्तित्व को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रही है। पार्टी को उम्मीद है कि केरल में जीत उसके लिए नई राजनीतिक ऊर्जा लेकर आ सकती है।

असम में कांग्रेस ने गौरव गोगोई जैसे अपेक्षाकृत युवा चेहरे को आगे कर नई रणनीति अपनाई है। पार्टी का लक्ष्य कम से कम इतना प्रदर्शन करना है कि यह धारणा टूट सके कि असम पूरी तरह भाजपा का गढ़ बन चुका है। तमिलनाडु में कांग्रेस द्रमुक के साथ गठबंधन में है, हालांकि सीटों के बंटवारे को लेकर शुरुआती मतभेद भी सामने आए। वहीं अभिनेता विजय की नई पार्टी के उभार ने चुनावी समीकरण को और जटिल बना दिया है, जिससे तीन कोणीय मुकाबले की संभावना बन रही है।

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने इस बार अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पिछले चुनाव में पार्टी को शून्य सीट और केवल तीन प्रतिशत मत मिले थे। इस बार उसका लक्ष्य कम से कम पंद्रह प्रतिशत मत हासिल कर अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता को फिर से स्थापित करना है।

कुल मिलाकर असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के चुनाव केवल क्षेत्रीय सत्ता की लड़ाई नहीं हैं। यह चुनाव इस बात का संकेत भी देंगे कि क्या नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का राजनीतिक विस्तार जारी रहेगा या राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष कोई नया राजनीतिक संतुलन स्थापित कर पाएगा। वैसे इसमें कोई दो राय नहीं कि आने वाले महीनों में यह चुनावी संघर्ष भारतीय राजनीति के सबसे तीखे मुकाबलों में से एक बन सकता है।

# खाड़ी संकट, तेल आपूर्ति और रेमिटेंस भारत के सामने उभरता बहुआयामी खतरा



भूपेन्द्र गुप्ता
(लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं)

पश्चिम एशिया (मध्य-पूर्व) में बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को चिंतित कर दिया है। विशेष रूप से जलडमरू मध्य और लाल सागर जैसे समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। ये दोनों मार्ग वैश्विक ऊर्जा और व्यापार की जीवनरेखा माने जाते हैं।

भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर अत्यधिक निर्भर है और जिसके लाखों नागरिक खाड़ी देशों में काम करते हैं, इस संकट से सीधे और परोक्ष-दोनों तरह से प्रभावित हो सकता है। सबसे पहला और सबसे बड़ा खतरा तेल आपूर्ति से जुड़ा है। भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र जैसे सऊदी अरब,ईराक,यूएई, और कुवैत से आता है। इन देशों से आने वाला अधिकांश तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित होता है या जहाजों की आवाजाही सीमित होती है, तो वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महँगा होने का सीधा असर भारत में पेट्रोल-डीजल, परिवहन लागत, बिजली उत्पादन और अंततः खाद्य वस्तुओं तक पर पड़ता है। परिणामस्वरूप महँगाई बढ़ती है और आर्थिक विकास की गति धीमी हो सकती है।

दूसरा बड़ा प्रभाव समुद्री व्यापार और शिपिंग लागत पर पड़ता है। युद्ध या हमले की आशंका बढ़ने पर जहाज कंपनियाँ अतिरिक्त वॉर-रिस्क इंश्योरेंस लेती हैं, जिससे परिवहन लागत बढ़ जाती है। कई बार जहाज जोखिम वाले मार्गों से बचकर लंबा रास्ता अपनाते हैं, जैसे लाल सागर से होकर आने के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे केप आफ गुड होप से घूमकर आना। इससे यात्रा समय 10-15 दिन तक बढ़ सकता है और माल ढुलाई महँगी हो जाती है। इसका असर आयातित वस्तुओं-जैसे उर्वरक, खाद्य तेल, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स-की कीमतों पर पड़ता है, जो घरेलू बाजार में महँगाई को और बढ़ा सकता है।

तीसरा महत्वपूर्ण पहलू गैस आपूर्ति का है। भारत अपनी प्राकृतिक गैस की जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, विशेष रूप से कतर से तरलीकृत प्राकृतिक गैस एलएनजी। यदि समुद्री मार्ग असुरक्षित हो जाते हैं, तो गैस की आपूर्ति बाधित हो सकती है या महँगी हो सकती है। इससे बिजली उत्पादन, उर्वरक उद्योग और शहरी गैस वितरण पर प्रभाव पड़ेगा, जिसका व्यापक असर उद्योग और कृषि दोनों पर पड़ सकता है।

चौथा और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा रेमिटेंस (विदेश से भेजा गया पैसा) का है। खाड़ी देशों में लगभग 80 लाख से अधिक भारतीय काम करते हैं, विशेषकर यूएई, सऊदी अरब,कतर,और कुवैत में। ये प्रवासी हर वर्ष अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, जो देश के विदेशी मुद्रा भंडार और लाखों परिवारों की आय का महत्वपूर्ण स्रोत है। यदि क्षेत्र में युद्ध या आर्थिक मंदी आती है, तो निर्माण, तेल और सेवा क्षेत्रों में रोजगार घट सकता है, वेतन कम हो सकता है या भारतीयों की बड़े पैमाने पर वापसी हो सकती है। इससे रेमिटेंस घटेगा और उन राज्यों की अर्थव्यवस्था पर विशेष असर पड़ेगा जहाँ प्रवासी आय का बड़ा हिस्सा आता है।

हालाँकि भारत पूरी तरह असहाय नहीं है। देश ने जो रणनीतिक तेल भंडार विकसित किए हैं वे सीमित हैं,और ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की कोशिश रूस,ब्राजील और यूएस जैसे देशों से आयात बढ़ाकर की जानी चाहिए,इसके अलावा भारतीय नेवी समुद्री क्षेत्र में सक्रिय निगरानी और भारतीय जहाजों की सुरक्षा के लिए तैनात रहती है। भारत की विदेश नीति भी सभी प्रमुख देशों से संबंध बनाए रखने की कोशिश करती है ताकि संकट की स्थिति में आपूर्ति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। फिर भी, सबसे खराब स्थिति-यदि होर्मुज पूरी तरह बंद हो जाए या व्यापक युद्ध छिड़ जाए-तो भारत को दोहरी मार झेलनी पड़ सकती है- एक ओर तेल और गैस की कीमतों में उछाल, दूसरी ओर रेमिटेंस में गिरावट। इससे महँगाई, चालू खाता घाटा, रुपये पर दबाव और आर्थिक विकास दर-सभी प्रभावित हो सकते हैं।

खाड़ी क्षेत्र का संकट भारत के लिए केवल एक दूरस्थ भू-राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि एक प्रत्यक्ष आर्थिक और सामाजिक चुनौती है। हालांकि भारत के पास कुछ सुरक्षा उपाय और विकल्प मौजूद हैं, लेकिन दीर्घकालीन समाधान ऊर्जा आत्मनिर्भरता, नवीकरणीय स्रोतों के विस्तार और प्रवासी आय पर अत्यधिक निर्भरता कम करने में ही निहित है। वर्तमान परिस्थितियाँ भारत को अपनी ऊर्जा और आर्थिक रणनीति को और अधिक मजबूत तथा विविध बनाने की आवश्यकता की याद दिलाती हैं। भारतीय तेल स्रोत्रों का उत्पादन बढ़ाना समय का तकाजा है। क्या ऐसा हो पायेगा?

# तकनीक की जय हो!

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

व्यंग्य

गुप्ता जी को एक क्रांतिकारी विचार आया। दुनिया तेज़ी से बदल रही थी, लेकिन वे महसूस कर रहे थे कि इंसान की नैतिकता उतनी ही तेज़ी से ढलान पर है। उन्होंने सोचा, जब लोग सच बोलकर शर्मिंदा होते हैं और झूठ बोलकर गर्व महसूस करते हैं, तो क्यों न एक ऐसी मशीन बनाई जाए जो केवल झूठ ही पकड़ सके? गुप्ता जी वैज्ञानिक नहीं थे, लेकिन उन्होंने एक नई मशीन बनाने की ठानी। उन्होंने अपने पड़ोसी वर्मा जी की मदद ली, जो इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा किए हुए थे और कभी-कभी घर की ट्यूब लाइट ठीक करने में भी असफल रहते थे। दोनों ने मिलकर सत्य-परीक्षक यंत्र नामक एक यंत्र तैयार किया, जो बोलने वाले के शब्दों को पकड़कर यह तय करता कि वह झूठ बोल रहा है या सच। पहला परीक्षण गुप्ता जी ने अपनी पत्नी पर किया। उन्होंने पूछा, तुम मुझसे कितना प्यार करती हो?

मशीन से तुरंत आवाज़ आई-झूठ! झूठ! झूठ!

गुप्ता जी हतप्रभ रह गए। पत्नी ने घूरकर देखा, जैसे कह रही हो, अब सोफे पर सोने की तैयारी कर लो। लेकिन वे विज्ञान की महान उपलब्धि के नशे में थे, इसलिए उन्होंने परवाह नहीं की। अब यह मशीन समाज में सुधार लाने के लिए इस्तेमाल होनी थी। सबसे पहला प्रयोग हुआ शहर के सबसे ईमानदार नेता पर। मंच पर खड़े होकर नेता जी बोले, हम जनता के सेवक हैं, हमने हमेशा देशहित में काम किया है।

मशीन चीखने लगी-झूठ! झूठ! घोर झूठ!

सभा में सन्नाटा छा गया। भीड़ को पहली बार लगा कि शायद यह मशीन उनकी ज़िंदगी बर्बाद कर सकती है। नेता जी ने तुरंत इसे राष्ट्रविरोधी घोषित कर दिया और गुप्ता जी की गिरफ्तारी की माँग करने लगे। अब अगला परीक्षण सरकारी दफ्तर में होना था। गुप्ता जी और वर्मा जी पहुंचे और एक बाबू से बोले, सर, यह सत्य-परीक्षक मशीन आपके विभाग के लिए बनाई गई है। यह रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण रखेगी। बाबू जी ने पहले हँसी उड़ाई, फिर गुस्से से बोले, हमारे ऑफिस में सब ईमानदारी से काम करते हैं।

मशीन तुरंत बोल पड़ी-झूठ! घोटाला! रिश्वत!

बाबू जी का चेहरा ऐसा हो गया जैसे उन्होंने एक साथ चार नींबू चूस लिए हों। उन्होंने घूरकर देखा और तुरंत चपरासी को बुलाया, इन दोनों को बाहर निकालो और मशीन को ज़ब्त कर लो। गुप्ता जी को समझ आ गया कि मशीन के लिए यहाँ कोई भविष्य नहीं है। अब यह मशीन कोर्ट में ले जाई गई, जहाँ न्यायाधीश महोदय एक जटिल मामले की सुनवाई कर रहे थे। वकील साहब बोले, मेरा मुवक्किल निर्दोष है, उसने कुछ नहीं किया।

मशीन फिर गरजी-झूठ! झूठ! सबूत मिटाए गए हैं!

कोर्ट में हंगामा मच गया। जज साहब को पहली बार एहसास हुआ कि इस मशीन का अस्तित्व ही उनकी कुर्सी के लिए ख़तरा है। उन्होंने तुरंत आदेश दिया कि यह मशीन संविधान-विरोधी है और इसका इस्तेमाल अवैध घोषित किया जाए। अब गुप्ता जी को समझ में आ गया कि सत्य को साबित करना इस दुनिया में सबसे मुश्किल काम है। मशीन को बेचने का कोई विकल्प नहीं था, इसलिए उन्होंने इसे अपने घर में रख लिया। लेकिन दिक्कत यह हुई कि अब वे अपने घर में भी झूठ नहीं बोल सकते थे।एक दिन पत्नी ने पूछा, बोलो, मेरी बनाई सब्ज़ी कैसी लगी?

गुप्ता जी ने डरते-डरते कहा, बहुत स्वादिष्ट है।

मशीन चिल्लाई-झूठ! झूठ! झूठ!

अब पत्नी ने बेलन उठाया और गुप्ता जी को मारने दौड़ी। वर्मा जी ने चुपचाप मशीन उठाई और बालकनी से नीचे फेंक दी। मशीन धड़ाम से गिरी और टूट गई। गुप्ता जी राहत की साँस लेते हुए बोले, तकनीक की जय हो! अब दुनिया में फिर से झूठ का राज क़ायम रहेगा।

# अमेरिकी कार्रवाई के बाद गड़बड़ाई विश्व व्यवस्था

उमेश चतुर्वेदी

दूसरे विश्व युद्ध के बाद कुछ अपवादों को छोड़ दें तो दुनिया ने सभ्य होने की तरफ लगातार कदम बढ़ाए। लेकिन इक्कीसवीं सदी का चौथाई हिस्सा बीतने के बाद लग रहा है कि एक बार फिर दुनिया आधुनिकता की चादर लपेटे मध्य युगीन बर्बरता की ओर बढ़ रही है। 28 फरवरी, 2026 को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद ऐसी सोच वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रूहोल्लाह मुसावी खोमैनी समेत कई सैन्य अधिकारियों की मौत ने दुनिया को एक बार फिर हिलाकर रख दिया है। दुनिया के कमजोर देश एक बार फिर आशंकित हो उठे हैं। उन्हें यह डर सताने लगा है कि अमेरिका के खिलाफ अगर उन्होंने नीतियां अपनाईं तो हो सकता है कि अमेरिका अपने तरीके से योजना बनाकर उस पर हमला कर दे।

अमेरिका ने ईरान पर हमले के लिए जिन कारणों को गिनाया है, उनमें सबसे प्रमुख कारण है, ईरान के परमाणु कार्यक्रम रोकना, ईरान की मिसाइल क्षमताओं को खत्म करना और वहां की मौजूदा शासन व्यवस्था को बदलना है। अमेरिका ने तर्क दिया है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने के करीब था, जो दुनिया और क्षेत्रीय सहयोगियों के लिए एक अस्वीकार्य सुरक्षा खतरा है। ट्रंप का कहना है कि ईरान ने अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को त्यागने के हर अवसर को ठुकरा दिया था। ट्रंप का यह भी कहना है कि उसके ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का उद्देश्य ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल सुविधाओं और नौसैनिक संपत्तियों को पूरी तरह नष्ट करना है।

यह ठीक है कि अयातुल्ला खोमैनी की अगुआई वाले ईरान में इस्लामिक शासन व्यवस्था काम कर रही है, जिसे उसके नागरिकों के बड़े वर्ग का समर्थन हासिल नहीं था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ईरान की संप्रभुता को चोट पहुंचाई जाए। अमेरिका ने वही किया है। अगर ईरान की जनता अयातुल्ला खोमैनी के शासन को खत्म करती तो और बात होती, लेकिन अमेरिकी हमले में खोमैनी का मारा जाना दूसरे तरह की बात है। इससे आने वाले दिनों में कई खतरे उत्पन्न होंगे। ईरान पर हमले के बाद यह आशंका बढ़ गई है कि अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ दुनिया में क्रोध पनपे। यह भी हो सकता है कि आतंकी घटनाएं बढ़ें। गुरिल्ला युद्ध और ईरान समर्थित ताकतों द्वारा आतंकवाद के मुखौटे में अमेरिका और उसके समर्थकों को निशाना बनाया जाए। इससे दुनिया की चिंताएं बढ़ना अस्वाभाविक नहीं है।

अमेरिका की सैन्य कार्रवाइयों का हालिया इतिहास बताता है कि उनका घोषित उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। नौ सितंबर 2011 को न्यूयार्क के ट्विन टॉवर पर हमले के बाद अमेरिका ने आतंकवाद का खात्मा करने के लिए अफगानिस्तान स्थित तालिबान और अलकायदा पर कार्रवाई की थी, उस अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन फिर से स्थापित हो चुका है। अफगानिस्तान को छोड़कर भागने का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति रहते जो बाइडेन ने लिया था। अफगानिस्तानी तालिबान पर हमले का एक मकसद वहां लोकतंत्र की स्थापना थी, लेकिन अब वहां तालिबान का इस्लामी शासन है और अमेरिका किनारे है। दिलचस्प यह है कि अफगानिस्ता के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिस पाकिस्तान ने अमेरिका को सहयोग दिया था, वह पाकिस्तान अब अफगानिस्तान से जूझ रहा है। इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन के खिलाफ अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों के साथ सैन्य कार्रवाई शुरू की। उसका बहाना इराक के पास व्यापक जनसंहार के रासायनिक हथियार होने को बनाया गया। दिलचस्प यह है कि इराक में सद्दाम हुसैन का शासन खत्म हो गया। तीस दिसंबर 2006 को उन्हें फांसी पर अमेरिका समर्थित न्याय तंत्र के जरिए लटका दिया गया, लेकिन इराक में अब तक ना तो लोकतंत्र आ पाया है और न ही शांति।



कुछ इसी तरह साल 2011 में लीबिया में अमेरिका ने सैन्य हस्तक्षेप किया। तब अमेरिका का उद्देश्य लीबिया के तानाशाह कर्नल मुअम्मर गद्दाफी के खिलाफ हुए नागरिक विद्रोह को समर्थन देकर लीबिया में लोकतंत्र की स्थापना करना था। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को जरिया बनाया गया। इसके बाद 19 मार्च 2011 को अमेरिका ने अपने कुछ सहयोगी देशों के साथ मिलकर हवाई हमले और मिसाइल हमले शुरू किए। तब से लेकर अब तक अमेरिका में कार्रवाई जारी है। अमेरिकी विशेष बलों ने बेंगाज़ी में 2012 के लीबिया के अमेरिकी राजनयिक मिशन पर हमले के आरोपी अहमद अबू खट्टाला को गिरफ्तार किया। इसके बाद अमेरिका ने 2015 से लेकर 2019 के बाद तक आईएसआईएस और अल-कायदा के खिलाफ ड्रोन और हवाई हमले जारी रखे। जबकि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बीच लीबिया के ही लोगों के हाथों तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी 20 अक्टूबर 2011 को मारे जा चुके थे। भीड़ ने उन्हें उनके गृह नगर सिर्त में पकड़ा गया और वहीं उनकी हत्या कर दी गई। तब से लेकर लीबिया अब भी जल रहा है और वहां शांति और लोकतंत्र अब तक इंतजार कर रहे हैं।

अमेरिका की शह पर सीरिया के शासक के खिलाफ बशर अल-असद के शासन के खिलाफ कार्रवाई जारी रही। सीरिया में तेरह वर्षों तक खूनी गृहयुद्ध चलता रहा। इसके बाद हार कर सात दिसंबर 2024 को विद्रोही ताकतों ने दमिश्क पर कब्जा कर लिया और बशर अल-असद के शासन का पतन हो गया। तब से लेकर सीरिया जल रहा है। हाल ही में वेनेजुएला के शासक निकोलस मादुरो को अमेरिकी सैनिकों ने तीन जनवरी 2026 को गिरफ्तार कर लिया। तब से वे अमेरिकी कैद में हैं और वहां नया शासन स्थापित हो गया है। अमेरिका दावा करता है कि वह लोकतांत्रिक देश है। वह पूरी दुनिया में अपनी तरह लोकतंत्र स्थापित करने का दावा करता है। लेकिन जहां भी वह कार्रवाई करता है, वहां लोकतंत्र आते हुए नहीं दिखता। ईरान में भी कुछ वैसा ही हो सकता है। यही वजह है कि अमेरिकी दादागिरी के खिलाफ विश्व के बड़े हिस्से में क्षोभ है। ट्रंप के दौर में ऐसी कार्रवाइयों से विश्व आर्डर गड़बड़ा गया है। संयुक्त राष्ट संघ किनारे बैठ घटनाओं को होते देखभर रहा है।

अमेरिका की निगाह बहुत पहले से ईरान पर है। भूराजनीतिक मामलों के कुछ जानकारों का मानना है कि ईरान पर अमेरिकी हमला चीन की ताकत को रोकने की कोशिश भी है। इसकी वजह यह है कि चीन अपने तेल का तकरीबन नब्बे प्रतिशत हिस्सा ईरान से ही आयात करता रहा है। ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमले के बाद चीन की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने लगा है। चीन ने अपने दफ्तरी कामकाज में कटौती करने का ऐलान किया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे राष्ट्रों में तो सरकारी दफ्तरों के लिए काम करने वाली गाड़ियों की संख्या को आधा कर दिया गया है और वहां दफ्तरों को हफ्ते में सिर्फ चार दिन खोलने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही वहां स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। भारत में भी युद्ध का असर दिखने लगा है। सरकार ने यहां पच्चीस दिनों बाद ही दूसरा एलपीजी सिलिंडर बुक करने का नियम लागू कर दिया है। भारत के सॉफ्टवेयर शहर बेंगलुरू के पेइंग गेस्ट अकोमोडेशन के खाने में कटौती के नोटिस वहां रह रहे युवाओं को मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि वहां घरेलू गैस की कमी हो गई है, इस वजह से वहां पीजी में रोटी, पूरी या पुड़ी और इस तरह के खाने की चीजें नहीं मिलेंगी, सिर्फ दाल-चावल से लोगों को काम चलाना होगा। हालांकि सरकार का कहना है कि उसके पास तेल और गैस का पर्याप्त भंडार है। लेकिन उसने घरेलू गैस की कीमतों में साठ रूपए प्रति सिलिंडर और औद्योगिक गैस की कीमतों में 116 रूपए की बढ़ोतरी कर दी है। इससे देश में उहापोह और अफरातफरी जैसे हालात बनते नजर आ रहे हैं।

ईरान के खिलाफ अमेरिकी और इजरायली कार्रवाई के बाद दुनिया एक बार फिर दहशत और मध्ययुगीन हिंसक समाज की ओर बढ़ती नजर आ रही है। एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ की उपयोगिता और जरूरत सवालों के घेरे में है। ऐसे में दुनिया का अगला कदम क्या हो, इस पर कोई ठोस राय नहीं दिख रही है। युद्ध हर हाल में रोका जाना चाहिए, लेकिन युद्ध को रोक पाना मामूली इंन्सानों और तमाम देशों के राजनेताओं में नहीं हैं। यह ट्रंप और नेतन्याहू पर निर्भर करता है कि वे युद्ध को कब और कैसे रोकने का फैसला लेते हैं।

# गैस की किल्लत और महंगाई... पाकिस्तान में ईद से पहले हाहाकार, रमजान में जनता बेहाल

कराची

अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच चल रही जंग मिडिल ईस्ट में फैल चुकी है और हॉर्मुज स्ट्रेट पर नाकाबंदी कर दी गई है। इस वजह से दुनिया में तेल और गैस की आपूर्ति में भारी कमी देखने को मिल रही है। इस बीच रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है और कुछ दिनों बाद ईद आने वाली है। ऐसे में पाकिस्तान का कराची भारी गैस संकट का सामना कर रहा है।



शहर के 70 प्रतिशत से ज्यादा इलाकों में गैस सप्लाई ठप हो गई है, जिसकी वजह से रोजेदारों को सेहरी और इफ्तार तैयार करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय मीडिया संस्थान दि डान की रिपोर्ट के अनुसार, गैस की इस कमी ने पूरे शहर में भारी निराशा पैदा कर दी है, क्योंकि परिवारों को अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या को संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आयात में रुकावट के कारण कराची की पहले से ही दबाव झेल रही गैस वितरण प्रणाली को भारी दबाव में काम करना पड़ रहा है। नतीजा ये निकला कि कई इलाकों में गैस की आपूर्ति कम हो गई है और सेवा भी अनियमित हो गई है। सुई सदर्न गैस कंपनी ने जनता को आधिकारिक तौर पर सूचित किए बिना ही चुपचाप गैस आपूर्ति का एक संशोधित समय-सारिणी लागू कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार, गैस की सप्लाई केवल सीमित समय के लिए की जा रही है। लगभग सुबह 3:30 बजे से 6 बजे तक सेहरी के लिए और दोपहर 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक इफ्तार से पहले। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस छोटे से समय के दौरान भी गैस का प्रेशर इतना कम होता है कि खाना पकाने जैसे बुनियादी काम भी बेहद मुश्किल हो गए हैं।

कराची के क्लिफ्टन, डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी, नॉर्थ कराची, फेडरल बी एरिया, गुलबर्ग और ओरंगी टाउन सहित कई इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, इन इलाकों के निवासियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से गैस की सप्लाई अनियमित रही है। अक्सर यह बहुत कम प्रेशर के साथ कुछ समय के लिए ही आती है।

इस कमी ने कई परिवारों को एलपीजी सिलिंडर और बिजली से चलने वाले कुकिंग उपकरणों जैसे महंगे विकल्पों को अपनाने पर मजबूर कर दिया है, जिससे ऐसे समय में उन पर आर्थिक बोझ और बढ़ गया है जब महंगाई और रमजान से जुड़े खर्च पहले से ही काफी ज्यादा हैं।

कई निवासियों ने अधिकारियों द्वारा संशोधित समय-सारिणी की घोषणा न किए जाने पर भी अपना गुस्सा जाहिर किया। उनका कहना था कि पारदर्शिता की कमी के कारण उनके लिए अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या की योजना बनाना असंभव हो गया है।

# अब आएगा पेट्रो रुपया? ईरान ने अमेरिका के पेट्रो डॉलर की बजाई बैंड

नई दिल्ली

वो कहावत है ना जब घर में आग लगती है तो सबसे ताकतवर इंसान भी पड़ोसियों से मदद मांगने लगता है। कुछ ऐसा ही हाल अमेरिका का दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ती टेंशन और स्टेट ऑफ हॉर्मोज में जारी संकट अब सिर्फ सैन्य या राजनीतिक मामला नहीं रह गया। यह अब दुनिया की सबसे ताकतवर आर्थिक व्यवस्था पेट्रो डॉलर सिस्टम के लिए सीधी चुनौती बन चुका है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों से मदद की अपील की है। अमेरिका ने यूके, फ्रांस, जापान, साउथ कोरिया और यहां तक कि चाइना से भी कहा कि वह होम जलडमरू मध्य में गुजरने वाले तेल टैंकरों की सुरक्षा में मदद करें। दरअसल यह इलाका दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है।



दुनिया के लगभग 20% तेल का व्यापार इसी रास्ते से होकर गुजरता है। लेकिन इसी बीच ईरान ने एक नई शर्त रख दी। ईरान का कहना है कि तेल टैंकरों को तो रास्ता दिया जाएगा लेकिन तेल का भुगतान अमेरिकी डॉलर में नहीं बल्कि चीन की मुद्रा युवान में किया जाएगा। यहीं से यह संघर्ष एक नई दिशा ले चुका है। पेट्रो डॉलर बनाम पेट्रो युवान। अब रिपोर्ट्स के मुताबिक फरवरी के अंत तक होरमू जलडमरूमध्य मध्य से रोजाना लगभग 20 मिलियन बैरल तेल गुजर रहा है। लेकिन बढ़ते तनाव के बाद यह मात्रा काफी कम हो गई है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब अमेरिका ने ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खार्क आइसलैंड पर हमला किया। ईरान ने इसे अपनी रेड लाइन बताते हुए चेतावनी दी कि अगर हमला जारी रहा तो पूरे खाड़ी क्षेत्रों के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है। अब यहीं से सवाल उठता है कि अगर होरमूद जलडमरूमध्य मध्य से गुजरने वाले तेल का बड़ा हिस्सा युवान में कारोबार होने लगेगा तो इसका असर सिर्फ तेल बाजार तक सीमित नहीं रहेगा। यह सीधे-सीधे अमेरिकी डॉलर की वैश्विक ताकत को चुनौती देगा।

पिछले कई दशकों से दुनिया का ज्यादातर तेल डॉलर में खरीदा और बेचा जाता है जिससे डॉलर की अंतरराष्ट्रीय ताकत बनी रहती है। लेकिन अगर पेट्रो युवान का दायरा बढ़ता है तो दुनिया धीरे-धीरे बहु मुद्रा आधारित वैश्विक आर्थिक व्यवस्था की ओर बढ़ सकती है। ऐसे में भारत जैसे देशों के सामने भी एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि क्या अब समय आ गया है कि भारत पेट्रोल रुपया जैसी व्यवस्था पर गंभीरता से विचार करें क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक लड़ाई अब शुरू हो चुकी है।

# इजरायल ने लड़ाकू विमान से क्यों गिराएं हजारों कागज

**नई दिल्ली।** ईरान जंग के बीच एक ऐसी तस्वीर आई है जिस पर विश्वास करना मुश्किल है। आप जानते ही हैं कि इजराइल ने ईरान के साथ-साथ अपने पड़ोसी देश लेबनान पर भी हमला कर दिया था। क्योंकि लेबनान में ईरान समर्थित शिया आतंकी संगठन हिजबुल्ला ने इजराइल पर रॉकेट दाग दिए थे। लेकिन उसके बाद इजराइल ने लेबनान में जो किया वह जंग को देखने का पूरा नजरिया ही बदल देगा। लेबनान से ऐसी तस्वीरें आई हैं जो भारत को भी चौका देंगी। इजराइल ने सबसे पहले तो लेबनान से आए रॉकेट्स का बदला लेने के लिए मिसाइल से तबाही मचा दी। उसके बाद इजराइल के लड़ाकू विमान लेबनान घुस गए। लेबनान पहुंचकर इजराइल के लड़ाकू विमानों ने आसमान से हजारों पर्चियां घरों, सड़कों, मोहल्लों और लोगों पर गिरा दी। इन हजारों पर्चियों में लेबनान के आम लोगों के लिए सलाह, नसीहत और चेतावनी लिखी थी। लेबनान के लोगों से कहा गया है कि हिजबुल्ला के आतंकियों का साथ देने की गलती मत करना। पर्ची में लेबनान के लोगों से कहा गया है कि हिजबुल्लाह को खत्म करने के लिए इजराइल की मदद करो। अगर किसी के पास हिजबुल्ला के आतंकियों और उनकी लोकेशन के बारे में कोई जानकारी है तो तुरंत इजराइल की खुफिया एजेंसी से संपर्क करें।

# स्मार्टफोन का अधिक प्रयोग बच्चों के लिए खतरनाक, मातृशक्ति सावधान रहेः योगी

जालोर/लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने या नाराज़ होने देना बेहतर है, लेकिन उन्हें स्मार्टफोन देना उचित नहीं है। स्मार्टफोन का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ-साथ आंखों को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है और यह डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है।

मुख्यमंत्री सोमवार को जालौर में स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कई गेम बच्चों और युवाओं को नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यदि बच्चे इसी समय को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, योग और व्यायाम में लगाएं तो उनका जीवन अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक बन सकता है। योगी ने युवा पीढ़ी को सलाह दी कि स्मार्टफोन का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करें और परिवार के लिए समय अवश्य निकालें। उन्होंने कहा कि भोजन या पूजा के समय फोन से दूरी रखनी चाहिए और बाद में कॉल बैक करना बेहतर है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति भी चिंता का विषय है। जीवन में विफलता मिलने पर उससे घबराने की बजाय उसके कारणों को समझकर उसे सफलता में बदलने का प्रयास करना चाहिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के दुश्मन और नशे के सौदागर युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में धकेलने की कोशिश कर रहे हैं। समाज को सजग रहकर ऐसे तत्वों को परिवार, गांव, कस्बे और शहर में प्रवेश नहीं करने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी से तय होता है और यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़े तो देश नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। योगी ने कहा कि मनुष्य को संचय और हड़पने की प्रवृत्ति से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की सहायता करने की भावना विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोभ पर नियंत्रण ही सच्ची साधना है और इसे जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक परंपरा, ऋषि-मुनियों की साधना, वीर-वीरांगनाओं के बलिदान, किसानों के परिश्रम और श्रमिकों के पसीने से बनी है।

उन्होंने कहा कि धर्म समाज को जोड़ता है, जबकि जातिवाद व्यवस्था को कमजोर करता है। भारत में विरोध को भी साथ लेकर चलने की क्षमता है और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। देश की इसी एकता और जनशक्ति के कारण आज कई ऐतिहासिक समस्याओं का समाधान संभव हुआ है।

# ट्रंप ने ईरान के झूठ फैलाने के लिए मीडिया पर साधा निशाना

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया है और कुछ मीडिया संस्थानों पर ईरान युद्ध को लेकर झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि ईरान झूठी सूचनाएं फैलाने में माहिर है और वह एआई का उपयोग कर भ्रामक सामग्री तैयार कर रहा है, जिसे कुछ मीडिया संस्थान प्रसारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान सैन्य रूप से कमजोर है, लेकिन जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन के जरिए गलत सूचनाएं फैलाने में कुशल है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थान गलत रिपोर्टिंग कर रहे हैं और अमेरिकी प्रसारण माध्यमों का उपयोग देश के खिलाफ प्रचार के लिए कर रहे हैं। श्री ट्रंप ने कहा कि ऐसी संस्थाओं के खिलाफ देशद्रोह जैसे आरोपों में कार्रवाई की जानी चाहिए।

श्री ट्रंप ने दावा किया कि ईरान द्वारा जारी किए जा रहे कई वीडियो और तस्वीरें एआई से तैयार की गयी हैं, जिनमें समुद्र में जहाजों पर हमले या आग लगने जैसे दृश्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

# चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है : अखिलेश

लखनऊ (वार्ता)

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लागू होने के बाद चुनाव आयोग द्वारा वहां के डीजीपी, पुलिस कमिश्नर सहित एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को हटा दिया गया है।इस मसले को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है।



सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी। उन्होंने पूछा कि जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया?

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है। उनका कहना है कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई और गैस सिलेंडर के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जो लोग जनता को गैस सिलेंडर तक उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं, वे देश को दुनिया में आगे ले जाने की बात कर रहे हैं।

# बसंत ऋतु में कश्मीर की पर्यटन गतिविधियों को नयी गति मिलेगी : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, (वार्ता)

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि वसंत ऋतु के आगमन और प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन को पर्यटकों के लिए खोले जाने से कश्मीर में पर्यटन गतिविधियों को नयी गति मिलेगी। श्री अब्दुल्ला ने यहां संवाददताओं से बातचीत में कश्मीरी कहावत वांदे चले शीन गली, बेई यी बहार का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्दी के बाद आने वाला बसंत उम्मीद और नयी शुरुआत का प्रतीक है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो पर्यटन उद्योग से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि वसंत के मौसम में कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता और भी निखर जाती है, जो देश और विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करती है। मौसम सुहावना है, चारों ओर बर्फ, बारिश और फूलों की खुशबू है तथा उम्मीद है कि इस सप्ताह शुरू हुआ वसंत पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए भी नयी उम्मीद लेकर आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष अप्रैल में इस उद्यान में लगभग 8.25 लाख पर्यटक आए थे , हालांकि 26 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मृत्यु के बाद घाटी में पर्यटन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा था। पर्यटन क्षेत्र ने कठिन समय का सामना किया है, लेकिन मौसम बदलने के साथ स्थिति बेहतर होने की उम्मीद है। श्री अब्दुल्ला ने बताया कि इस वर्ष उद्यान में कुछ नयी छतरियां और फूलों की क्यारियों की डिजाइन में बदलाव किया गया है। इसके अलावा स्मारिका दुकान से जुड़ी नयी व्यवस्था भी की गई है,



जिससे पर्यटकों को नया अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि ट्यूलिप गार्डन का खुलना कश्मीर के मुख्य पर्यटन सत्र की शुरुआत का संकेत माना जाता है।

ट्यूलिप बल्बों के स्थानीय उत्पादन की संभावना पर उन्होंने कहा कि शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय इस दिशा में काम कर रहा है और यदि घाटी में ही बल्ब तैयार होने लगें तो नीदरलैंड से आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की बचत होगी तथा पुष्प उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने उद्यान को तैयार करने में लगे उद्यानिकी विभाग के कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियां अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं।

नीदरलैंड से ट्यूलिप के बल्ब आयात करने के बजाय उन्हें स्थानीय स्तर पर विकसित करने की संभावना पर उन्होंने कहा कि शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी ऑफ़ कश्मीर जैसे संस्थान पहले से ही घाटी के भीतर ट्यूलिप के बल्बों को उगाने के प्रस्तावों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर हम ट्यूलिप के बल्बों को स्थानीय स्तर पर विकसित करने में सफल हो जाते हैं, तो इससे नीदरलैंड से आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाने में मदद मिलेगी और यहां के फूलों के उद्योग को और बढ़ावा मिलेगा।

पर्यटकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार एजेंसियाँ अपना काम कर रही हैं और वे घाटी भर के सभी पर्यटन स्थलों पर आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। गौरतलब है कि जबरवान पर्वतमाला की तलहटी में स्थित यह ट्यूलिप गार्डन आमतौर पर मार्च के अंतिम सप्ताह में खोला जाता था, लेकिन इस वर्ष फरवरी में तापमान बढ़ने के कारण इसे पहले ही खोल दिया गया।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# फिट रहने के लिए हमेशा प्राकृतिक तरीके को सही मानते हैं अक्षय कुमार

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार का कहना कि वह फिट रहने के लिए हमेशा प्राकृतिक तरीके को सही मानते हैं। अक्षय कुमार ने हाल ही में इंडिया टुडे कॉन्क्लेव के दौरान कहा कि कम समय में परफेक्ट बॉडी बनाने का दबाव कई बार लोगों को गलत तरीकों की ओर ले जाता है।उन्होंने कहा, जो आप स्क्रीन पर देखते हैं, उसमें बहुत कुछ बनाया जाता है। मैं सिर्फ वीएफएक्स की बात नहीं कर रहा हूं। कई बार लोग अपने शरीर में गलत चीजें भी डाल लेते हैं। अक्षय कुमार ने बताया कि वे किसी शॉर्टकट में विश्वास नहीं करते और फिट रहने के लिए हमेशा प्राकृतिक तरीके को सही मानते हैं। उन्होंने कहा, नेचुरल तरीका ही हमारा भारतीय तरीका है सिक्स-पैक बनाने का। सही तरह से काम करो, अच्छा खाना खाओ, घी खाओ, अच्छी जिंदगी जियो और खुश रहो।इससे भी सिक्स-पैक बनाए जा सकते हैं। अक्षय कुमार ने तेजी से बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन करने के ट्रेंड पर भी चिंता जताई। अक्षय ने कहा, मैंने लोगों को चार-पांच महीने में सिक्स-पैक बनाते देखा है, लेकिन यह सही नहीं है। बॉलीवुड में अक्षय कुमार को लंबे समय से फिटनेस रोल मॉडल माना जाता है। कई युवा कलाकार उनकी तरह फिट दिखने की कोशिश करते हैं, लेकिन अक्षय का कहना है कि असली फिटनेस संतुलन और सही जीवनशैली से आती है, न कि किसी गलत या अत्यधिक तरीके से।





# कैंसर मरीजों के लिए रैंप पर उतरे इब्राहिम अली खान, प्रतिभा रांटा और कुब्रा सैत

इब्राहिम अली खान, प्रतिभा रांटा और कुब्रा सैत हाल ही में केयरिंग विथ स्टाइल 2026 नामक एक चैरिटी फैशन इवनिंग में रैंप पर वॉक करते नजर आए। यह वार्षिक कार्यक्रम हर वर्ष कैंसर पेशेंट एड असोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य कैंसर मरीजों के लिए जागरूकता बढ़ाना और उनके समर्थन के लिए पहल को प्रोत्साहित करना है।इस खास मौके पर तीनों कलाकार फैशन लेबल आईटीआरएच के लिए शोस्टॉपर बने थे। डिजाइनर मोहित रायऔर ऋद्धि बंसल द्वारा स्थापित इस लेबल ने इस कार्यक्रम में अपनी पांच साल की यात्रा का जश्न मनाते हुए एक विशेष कलेक्शन पेश किया। रैंप पर अपनी अलग-अलग शैली और मौजूदगी के साथ इब्राहिम, प्रतिभा और कुब्रा ने इस शाम को और भी खास बना दिया। उनकी मौजूदगी ने न सिर्फ इवेंट में स्टार पावर जोड़ी, बल्कि उस बड़े उद्देश्य की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जिसके लिए यह आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के तुरंत बाद रैंप वॉक की झलकियां सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगीं। फ़िलहाल इन कलाकारों के वॉक के वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट पर खूब चर्चा में बनी हुई है। फैन पेज से लेकर एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स तक, इस शोकेस के कई पल ऑनलाइन साझा किए गए।

# जाह्नवी कपूर ने की हैमनेट में जैकोबी जूप के अभिनय तारीफ

बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर ड्रामा हैमनेट में बेहतरीन अभिनय के लिए युवा अभिनेता जैकोबी जूप तारीफ़ की है और कहा है कि जैकोबी जूप के अभिनय ने उन पर गहरा असर डाला है। जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, हैमनेट में इस लड़के का अभिनय ज़बरदस्त है। इसने मेरा दिल जीत लिया। बिना किसी शक के यह इस साल का सबसे बेहतरीन अभिनय है। मैं इसके बारे में सोचना बंद नहीं कर पा रही हूँ। जाह्नवी की यह सहज तारीफ़ सोशल मीडिया उपभोक्ताओं और फ़िल्म प्रेमियों का ध्यान तुरंत खींचने में कामयाब रही, खासकर इसलिए क्योंकि इसमें एक ऐसे युवा अभिनेता के काम को सराहा गया था, जिसे फ़िल्म में अपनी इस भूमिका के लिए पहले से ही काफ़ी तारीफ़ें मिल रही थीं। हैमनेट 2025 की एक ऐतिहासिक ड्रामा फ़िल्म है, जिसका निर्देशन क्लो झाओ ने किया है। यह फ़िल्म विलियम शेक्सपियर और उनकी पत्नी एग्नेस (ऐनी हैथवे) के जीवन को नाटकीय रूप से प्रस्तुत करती है। इसमें 1596 में उनके 11 साल के बेटे, हैमनेट की मृत्यु के बाद उनके गहरे दुख पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है। इसी दुख से प्रेरित होकर शेक्सपियर ने अपना नाटक हैमलेट लिखा था।



# मधुर भंडारकर ने रणवीर की तारीफ की

बॉलीवुड फिल्मकार मधुर भंडारकर ने फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के जबरदस्त समर्पण की जमकर तारीफ की है। मधुर भंडारकर ने कहा कि ताकतवर परफॉर्मेंस देने के लिए जिस तरह की मेहनत और लगन चाहिए, वह बहुत कम कलाकारों में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा, बहुत कम कलाकार ऐसे होते हैं जो इतना बड़ा कमिटमेंट देते हैं। जब मैं धुरंधर जैसी फिल्म देखता हूं और रणवीर सिंह की कमाल की परफॉर्मेंस देखता हूं, तो साफ समझ आता है कि उन्होंने अपनी जिंदगी के दो-तीन साल इस किरदार को दे दिए हैं। दुर्भाग्य से आजकल लोग मुश्किल रास्ता चुनना नहीं चाहते। फिल्म धुरंधर के रिलीज होने के कई महीनों बाद भी रणवीर सिंह का परफॉर्मेंस लगातार चर्चा में बना हुआ है। फिल्म में उनके हमज़ा के किरदार ने पूरे देश के दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। कई फैंस ने इसे हमज़ा फीवर तक कहा। उनके जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों को हैरान कर दिया और फिल्म को ब्लॉकबस्टर बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।अब जब फिल्म का सीक्वल धुरंधर- द रिवेंज रिलीज की तैयारी में है, तो इसे लेकर जबरदस्त चर्चा पहले से ही शुरू हो चुकी है। शुरुआती बॉक्स ऑफिस अनुमान और एडवांस बुकिंग के ट्रेंड्स से संकेत मिल रहे हैं कि यह सीक्वल पहली फिल्म से भी बड़ी ओपनिंग कर सकता है।यदि ये शुरुआती संकेत सही साबित होते हैं, तो इंडस्ट्री के जानकार मानते हैं कि यह फिल्म रणवीर सिंह को स्टारडम के एक नए मुकाम पर पहुंचा सकती है और उन्हें देश का नंबर 1 स्टार बनाने की दिशा में मजबूत कर सकती है। दर्शक हमज़ा की कहानी का अगला अध्याय देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, और इसी वजह से धुरंधर- द रिवेंज भारतीय सिनेमा की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बनती जा रही है।



# भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक पद्धति विचार और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय को साकार करना ही लक्ष्य है : रामस्नेही पाठक



## विकसित और समृद्ध भारत के राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है : जालम सिंह पटेल

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत जिले भर के प्रत्येक मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहें है इसी क्रम में नरसिंहपुर नगर का प्रशिक्षण स्थानीय मून लाइट गार्डन में आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत पार्टी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति और संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने व संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों को कार्यकर्ताओं के मध्य रखा गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ.हंसराज ने की एवं मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने वैचारिक अधिष्ठान पर व द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य राजेन्द्र राजपूत एवं मुख्य वक्ता मिनेन्द्र डागा ने भाजपा का कार्य विस्तार पर रखा गया। तृतीय सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता विजय लूनावत ने की एवं सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित रामस्नेही पाठक ने संगठन की विचारधारा,सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हुए समाज सेवा एवं राष्ट्रहित के कार्यों के लिए नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री एड.रमेश नेमा ने की एवं सत्र को पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर संबोधित किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 2014 के पहले जहां कांग्रेस की सरकारों में गरीब सरकारी कागजों व सरकार के नारे तक सीमित था वहीं मोदी जी के शासन में आने के बाद सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को बिना भेदभाव के दिया गया चाहे वह प्रधानमंत्री आवास हो उज्ज्वला योजना हो इज्जत घर हो किसान सम्मान निधि हो जैसी अनेकों योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभान्वित किया गया इसी के साथ ही देश का सशक्त विकास केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा किया गया सभी कार्यकर्ता वैचारिक रूप से मजबूत हो व जनता के बीच योजनाओं का प्रचार प्रसार करें इस हेतु ही यह प्रशिक्षण वर्ग आयोजित की जा रहे हैं। पंचम सत्र की अध्यक्ष पंडित बलराम शास्त्री ने की एवं मुख्य वक्ता रजत चौहान द्वारा भाजपा की कार्य पद्धति व छटे सत्र की अध्यक्षता मर्चेन्ट एसोसिएशन अध्यक्ष सतीष नेमा ने की एवं मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष मुकेश मरैया ने प्रदेश सरकार की योजनाओं को लेकर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सातवें सत्र की अध्यक्षता एड.धर्मेन्द्र ममार ने की जिसमें मुख्य वक्ता जिला महामंत्री राहुल कौरव ने सोशल मीडिया पर विषय रखा एवं आठवें सत्र की अध्यक्षता एड.दिनेश कोष्ठी ने की जिसके मुख्य वक्ता पूर्व पार्षद गोटेगांव सतीष अग्रवाल ने बूथ प्रबंधन पर अपना विषय रखा।प्रशिक्षण वर्ग का संचालन नगर महामंत्री मयंक जैन एवं रचना वर्मा व आभार नगर अध्यक्ष अंशुल नेमा द्वारा किया गया। मंडल के प्रत्येक बूथ से प्रशिक्षार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।




# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करेली में आयोजित हुआ दिव्यांग शिविर

## 269 दिव्यांगजनों का किया गया परीक्षण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करेली में सोमवार को आयोजित दिव्यांग शिविर में मेडिकल बोर्ड नरसिंहपुर के अस्थि विशेषज्ञ, एमआर विशेषज्ञ आदि के द्वारा 269 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया।

परीक्षण उपरांत पात्र दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड तथा बस/ट्रेन के कंसेशन पास जारी किए गए। उक्त शिविर में सामाजिक न्याय विभाग के जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही सामाजिक सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों का सत्यापन एवं ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई।

# कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग ने हटाया अवैध कब्जा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले की तेंदूखेड़ा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बरेली में राजस्व विभाग द्वारा आवेदक श्री लोकेंद्र गौंड की भूमि खसरा क्रमांक 46/38 रकबा 1.215 हेक्टर से अवैध कब्जा हटाकर विधिवत कब्जा सौंपने की कार्यवाही की गई। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटवाया और भूमि का विधिवत कब्जा आवेदक को दिलाया। कार्यवाही के दौरान प्रभारी तहसीलदार श्री निर्मल पटले के साथ पटवारी श्री राघवेंद्र ठाकुर, श्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, ग्राम कोटवार तथा होमगार्ड के श्री रामशंकर गौतम मौजूद थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना, संकल्प से समाधान अभियान, जिले में एलपीजी की स्थिति, सीएम हेल्पलाइन, निर्माण कार्यों, बोरी बंधान, फार्मर रजिस्ट्री, समाधान ऑलाइन, पीएम किसान मित्र सूर्या योजना, समय सीमा के लंबित प्रकरणों आदि पर विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना और संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की। उन्होंने जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आयोजित होने वाले शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने तथा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए। शिविर में सभी विभाग अपनी- अपनी योजनाओं की जानकारी देंगे और प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का निराकरण कर ऑनलाइन दर्ज करेंगे। कलेक्टर ने जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्ध और वितरण की जानकारी ली। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में एलपीजी बुकिंग एवं वितरण सुचारू रूप से संचालित है। इस संबंध में आ रही समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है और उनके मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन और समय सीमा पत्रों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो कार्य लंबित हैं, उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने आजीविका मिशन ग्रामीण के द्वारा किए गए बोरी बंधान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो। सभी शासकीय कार्यालयों एवं कार्यक्रमों में प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, इसका पालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने फार्मर आईडी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, उन किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाए, जिससे उन्हें शासन की महत्वाकांछी योजनाओं का लाभ तत्परता से मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गौशालाओं की भूमि से अतिक्रमण हटाया जाए। गौशालाओं के रखरखाव को बेहतर किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नरवाई जलाने वाले किसानों पर कार्यवाही की जाए।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला अंतर्राज्यीय शातिर ठग पुलिस गिरफ्त में

**नरसिंहपुर।** प्रार्थी ओंकार प्रसाद चौधरी निवासी नरसिंहपुर द्वारा दिनांक 02.02.2026 को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि उसके साथ कुछ व्यक्तियों द्वारा लोन दिलाने के नाम से लगभग 93,900 रूपयों की धोखाधड़ी की गयी है। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत को लिया गंभीरता से जांच हेतु गठित की गई विशेष टीम =* उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा प्रकरण की गहन जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी, नरसिंहपुर, श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में तकनीकी माध्यमों का उपयोग करते हुए संबंधित व्यक्तियों, बैंक खातों एवं लेन-देन की जानकारी एकत्रित कर विस्तृत जांच की गयी।

**फर्जी बैंक एवं फाइनेंस कंपनी के नाम के पोस्टर से भ्रमित होकर प्रार्थी हुआ ठगी का शिकार**-जांच में यह बात सामने आयी कि मार्च 2025 में रेलवे स्टेशन परिसर की दीवारों पर आर.बी.एल. फाइनेंस बैंक के नाम से पोस्टर लगे हुए थे। जिसे देखकर प्रार्थी द्वारा उक्त पोस्टर पर लिखे मोबाइल नंबर पर कॉल किया। जिस पर एक महिला ने कॉल उठाया प्रार्थी द्वारा उक्त महिला से 5,00,000/- रुपये का लोन लेने के संबंध में बात की। तब उसने कहा गया कि बैंक के प्रबंधक अमेर पवार से लोन के संबंध में बात कर लें। इसके बाद प्रार्थी द्वारा महिला के बताए अनुसार नम्बर पर कॉल किया गया तो कॉल उठाने वाले व्यक्ति ने अपना नाम अमेर पवार बताया और कहा कि लोन लेने के लिए अपने दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड, समग्र आईडी तथा बैंक पासबुक भेज दें। इसके बाद प्रार्थी द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से दस्तावेज भेज दिए। आरोपी द्वारा शातिर तरीके से बीमा, डीडी, जीएसटी, खाता परिवर्तन एवं लोन फीस आदि के नाम पर पैसे मांगे गए । इसके पश्चात आरोपी द्वारा प्रार्थी को गुमराह कर बीमा, डीडी, जीएसटी, खाता परिवर्तन तथा लोन फीस आदि विभिन्न कारण बताकर लगातार पैसों की मांग की जाती रही। उनके कहने पर प्रार्थी द्वारा कुल 93,900/- रुपये अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से भुगतान किए, जिसमें से कुछ राशि फोन-पे के माध्यम से तथा कुछ राशि ऑनलाइन दुकान पर जाकर ट्रांजेक्शन कर भेजी गई। आरोपियों द्वारा लोन दिलाने के नाम से लगातार की रही थी रूपयों की मांग =* प्रार्थी से 93,900/- रुपये लेने के बाद आरोपी अमेर पवार द्वारा फिर से खाते के वेरिफिकेशन के लिए 5500/- रुपये और देने की मांग की गयी पैसे देने से प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी करे भोपाल बुलाया गया जिस पर प्रार्थी अपने पत्नि के साथ आरोपी से मिलने भोपाल भी गया किंतु भोपाल पहुंचकर प्रार्थी को भ्रमित कर उसे मिलने हेतु अलग-अलग स्थानों पर बुलाने लगा किंतु आरोपी प्रार्थी से नही मिला। प्रार्थी के साथ ठगी करने वाला व्यक्ति देवकीनंदन कपूर है जो दिल्ली का रहने वाला है एवं दिल्ली में एक कॉल सेन्टर बनाकर रखा हुआ है जो आमजनों को ठगी का शिकार बनाता था। पुलिस टीम द्वारा जांच के दौरान तकनीकी माध्यमों से जानकारियों को एकत्रित की गयी जिसके माध्यम से जानकारी मिली कि प्रार्थी के साथ ठगी करने वाला व्यक्ति देवकीनंदन कपूर है जो दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस टीम को जानकारी मिलने पर दिल्ली रवाना किया गया जिसके द्वारा आरोपी को जैन नगर, कराला, थाना बेगमपुर, जिला रोहिणी, नईदिल्ली से गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी। आरोपी द्वारा देश के विभिन्न स्थानों पर फर्जी बैंक एवं फाइनेंस कंपनी के नाम के पोस्टर लगाए गए =* आरोपी को गिरफ्त में लेने के उपरान्त गहनता से पूछताछ पर उसके द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा दिल्ली सहित अन्य प्रदेशों में जाकर मुख्यत: रेल्वे स्टेशन एवं सार्वजनिक स्थानों पर फजी। बैंक एवं फायनेंस कंपनी के पोस्टर चिपकाता था ताकि आमजनों को लोने दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया जा सके। ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए आरोपी द्वारा अन्य लोगों के खातों का किया जाता था इस्तेमाल=* जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी आमजनों से ठगी कर जो राशि प्राप्त करता था, उसे अपने व्यक्तिगत खातों मंक न लेकर उन बैंक खातों में ट्रांसफर करवाता था, जो उसने अन्य लोगों से लोन दिलाने के नाम पर उनके दस्तावेज लेकर खुलवाए या प्राप्त किए थे। आरोपी इन खातों का उपयोग ठगी की राशि प्राप्त करने के लिए करता था। पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए ऐसे कुल 10 बैंक खातों को चिन्हित कर जप्त किया गया। कॉल सेंटर में कार्यरत टेली-कॉलर युवती को भी आरोपी ने गुमराह कर कराया काम =* आरोपी द्वारा आमजनों से ठगी करने के उद्देश्य से दिल्ली में एक कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था। जब कोई व्यक्ति लोन लेने के लिएआगे बातचीत करता था, तब आरोपी स्वयं उससे संपर्क कर लोन दिलाने के नाम पर विभिन्न शुल्क की मांग कर उससे पैसे ठगता था आरोपी द्वारा कॉल सेंटर में काम करने हेतु रखी गई उक्त युवती को पिछले कुछ महीनों से वेतन भी नहीं दिया गया था, जिसके कारण उसको संदेह होने पर वह काम छोड़कर वहां से चली गई थी।

**मुख्य बिन्दु** -आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह एक प्रोफेशनल क्रिकेट खिलाड़ी है, जो दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (ष्ठष्ठष्ट) की ओर से लगभग 16 वर्षों से क्रिकेट खेल रहा है। इसके साथ ही आरोपी बच्चों को क्रिकेट की कोचिंग भी देता है आरोपी का नाम देवकीनंदन कपूर उर्फ देव निवासी जैन नगर, कराला, थाना बेगमपुर, जिला रोहिणी, नईदिल्ली। आरोपी से 10 चैकबुक, 10 पासबुक, 07 एटीएम, 02 आधार कार्ड एवं अन्य सामग्री जप्त की गयी है।

धारा 318 (4) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया।



# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेस्डर स्कूल शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।**

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान भारत उमंग के कक्षा 6 से 8 तक की हेल्थ एंड वैलनेस एम्बैस्डर स्कूल शिक्षकों का प्रशिक्षण जिले में 9 मार्च से 14 मार्च 2026 तक कुल 5 बैचों में आयोजित किए गए। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार कुशवाहा, जिला परियोजना समन्वयक शिक्षा श्री मनीष चौकसे एवं सहायक परियोजना समन्वयक श्री समीर त्यागी के सहयोग से संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के मॉड्यूल शिक्षकों को संपूर्ण गतिविधि सहित पाठ पढ़ाए गए। आईसेक्ट संस्था नरसिंहपुर के श्री कमल साहू एवं जिला परियोजना समन्वयक आईसेक्ट श्री ब्रजेश त्रिवेदी द्वारा प्रशिक्षण की संपूर्ण वयवस्थाएँ की गई थी।

राज्य स्तर से आए मास्टर ट्रेनर श्री आरपी शर्मा, श्री कुलभूषण सिंह एवं श्री मनोज कुलश्रेष्ठ व शिक्षा विभाग से जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्रीमती रश्मि शुक्ला, श्रीमती दुर्गा सोनी एवं श्री अंकित साहू के द्वारा समस्त शिक्षकों को राष्ट किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के 6 थीम पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इनमें प्रमुखत- पोषण, यौन- प्रजनन स्वास्थ्य, नशा से संबंधित पदार्थ की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य एवं असंचारी रोग शामिल हैं। इस प्रशिक्षण के उपरांत किशोर में स्वास्थ्य को लेकर शिक्षकों द्वारा जागरूकता की जाएगी।



# राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।**

राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश यादव के आह्वान पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (ञ्ज्श्वञ्ज) से संबंधित मुद्दे एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित प्रमुख मुद्दों को लेकर जिलाध्यक्ष अजीत जाट की अध्यक्षता प्रदेश कोषाध्यक्ष नगेन्द्र त्रिपाठी, प्रदेश मीडिया प्रभारी सियाराम पटैल,पदाधिकारी जिला पदाधिकारी कोमल सिंह पटेल, प्रमेन्द्र जाट, आशीष नामदेव, विवेक मिश्रा, दौलत पटैल, अखलेश सोनी, नितिन नारौलिया, महेश बैष्णव,पुरूषोत्तम बसेडिया, कमलेश त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत कौरव, पटैल की उपस्थिति में राज्य शिक्षक संघ जिला इकाई नरसिंहपुर की जिला स्तरीय बैठक जनपद मुख्यालय करेली में संपन्न हुई।उक्त अवसर पर माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार डी पी आई द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा (ञ्ज्श्वञ्ज) संबंधी आदेश अनुसार प्रदेश में ञ्ज्श्वञ्ज को लेकर चल रही स्थिति एवं सरकार की नीति, सेवारत शिक्षकों पर ञ्ज्श्वञ्ज लागू करने के विषय में विचार-विमर्श,पूर्व में नियुक्त शिक्षकों (1998, 2001, 2002, 2003,2006,2008 आदि) की नियुक्ति प्रक्रिया तथा शिक्षकों के साथ हो रही कथित दोहरी नीति की समीक्षा कर कानूनी पहल (स्रद्दद्दड्ड्य ,ष्ह्लद्बश्ठ्ठ) पर निर्णय, आवश्यकता पड़ने पर माननीय उच्च न्यायालय / सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उपस्थित संघ के प्रदेश/जिला/ ब्लॉक/तहसील पदाधिकारियों व शिक्षकों ने एकजुट होकर ञ्ज्श्वञ्ज का पुरजोर विरोध करते हुए उक्त मुद्दों को लेकर शासन एवं माननीय न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्णय लिया, बैठक का संचालन कमलेश शर्मा व आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष अजीत जाट मने किया।

बैठक में महेश वैष्णव, कमलेश त्रिपाठी,मदन शुक्ला, सूर्यकांत पाठक, दिलीप राजपूत, राकेश श्रीवास, अमित बजाज, विचित्रवीर राजपूत, रघुबीर साहू, नरेन्द्र चौहान, परेश नागवंशी, लक्ष्मन लोधी, सुमित यादव, प्रदीप पटैल, पवन गुप्ता, दीपक श्रीवास, जयदीप ठाकुर, सुनील सोनी, बलराम पटैल, अवधेश कौरव, कमलेश दुबे, जितेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र यादव, विनोद प्रजापति, अनिल बुनकर के साथ बडी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित थे।

# हर्ष उल्लास से साहू समाज ने मनाई मां कर्मा देवी जयंती

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।**

साहू समाज द्वारा आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा देवी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर के मुख्य मार्गो और अन्य स्थानों पर भव्य शोभायात्राएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारे आयोजित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, शिक्षा और कर्मा देवी के आदर्शों का प्रसार करना था। माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को संगठित करना और उनकी संस्कृति को बढ़ावा देना।धार्मिक महत्व- माता कर्मा को साहू समाज की आराध्य देवी माना जाता है, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी का भोग लगाया था। सुखदेव भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जयंती मनाई गई। यह पर्व सामाजिक भाईचारे और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बना। साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि कर्मा देवी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम् आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्माबाई की गौरव



गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है।

इनका जन्म- संवत् 1073 सन 101 7ई0 में पाप मोचनी एकादशी पर हुआ था। मां कर्मा जयंती हम सभी ने हर्षोल्लास से मनाई सुबह से ही सामाजिक बंधुओं का उत्साह देखते ही बनता था।दीप प्रज्जवलन एवं पूजन आरती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि - क्षेत्र के विधायक राव उदयप्रताप सिंह स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री, म.प्र.शासन, विशिष्ठ अतिथि शिवाकांत मिश्रा अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, गाडरवारा श्रीमती साधना स्थापक, पूर्व विधायक नरेश पाठक, पूर्व विधायक, श्रीमती सुनीता पटैल, पूर्व विधायक, मिनेन्द्र डागा प्रादेशिक सदस्य भा.ज.पा., मंच पर मौजूद रहे ।

सर्व प्रथम साहू समाज के बंधुओं द्वारा सुबह झंडा चौक पर मां कर्मा देवी के तेल चित्र के समक्ष पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात वाहन रैली साहू युवा संगठन द्वारा निकाली जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई सुखदेव भवन पहुंची माँ कर्मा देवी खिचड़ी वितरण किया गया । साहू युवा संगठन द्वारा एवं सायं 4 बजे हृदय स्थल झण्डा चौक पर मुख्य पूजन, हवन, आरती-का आयोजन किया गया उसके पश्चात सुखदेव भवन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन व भोजन प्रसादी हुई नगर के हृदय स्थल झंडा चौक पर मां कर्मा देवी के तैल चित्र माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई शाम 6 बजे हवन पूजन प्रसादी का कार्यक्रम सुखदेव भवन मैं संपन्न हुआ । साहू समाज के वरिष्ठ समाजसेवी समाज अध्यक्ष गेंदालाल साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, सचिव रमेश साहू, समाज भवन के लिए अपनी मांग रखीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए साहू समाज के मंगळ भवन हेतु 15 लाख की घोषणा की । विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक नरेश पाठक मंचासीन अतिथि ,चंद्रकांत शर्मा मंडल अध्यक्ष रवि शेखर जयसवाल, वरिष्ठ पत्रकार मुस्तान खान राव संदीप सिंह जिनेश जैन, हर्ष पाठक, घनश्याम सिंह राजपूत, नवनीत चाचा सभी मंचसीन अतिथियों एवं साईं सेवा समिति का साल श्रीफल से साहू समाज द्वारा सम्मान किया गया। समाज अध्यक्ष गेंदा लाल साहू, उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, सचिव रमेश साहू,हेमराज साहू, राजेंद्र साहू, सुरेश साहू, रूपाली राजेंद्र साहू चाय पती वाले कोषाध्यक्ष हेमराज साहू,सचिव रमेश साहू,माँ कर्मा साहू समाज सार्वजनिक समिति माँ कर्मा महिला मंडल साहू युवा संगठन समाज के सभी पदाधिकारी एवं कर्यकर्ता व सामाजिक बंधु बड़ी सख्या में उपस्थित रहे।

# अवैध उत्खनन का विरोध करने पर घर में घुसकर हमला

## मारपीट में गर्भवती महिला सहित कई घायल, आरोपियों में भाजपा नेता भी शामिल



### पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज की एफआईआर

कटनी (स्वतंत्रमत)

कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कन्हवारा में अवैध उत्खनन का विरोध करने पर खनन माफियाओं ने ग्रामीणों के घर में घुसकर मारपीट की। इस घटना में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। एक गर्भवती महिला भी शामिल है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम जटवारा निवासी दीपक परिहार, ग्राम चाका निवासी अभिषेक पटेल और लखन साहू के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट और अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार लखन साहू भाजपा ग्रामीण मंडल का वरिष्ठ पदाधिकारी है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कन्हवारा क्षेत्र के जंगलों में लंबे समय से मुरुम, बॉक्साइट और आयरन ओर का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। आदिवासी परिवारों का कहना है कि जंगल में चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने के लिए इसकी शिकायत वन विभाग को दी। आरोप है कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई और उल्टे इसकी जानकारी खनन से जुड़े लोगों तक पहुंच गई। पीडितों ने बताया कि विगत 14 और 15 मार्च की दरमियानी रात करीब 2 बजे दीपक परिहार सहित 7-8 लोग वाहनों से कन्हवारा गांव पहुंचे और तीन आदिवासी परिवारों के घरों में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। सुखदेव प्रसाद कोल सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने महिलाओं और पुरुषों को बेरहमी से पीटा।

घर में मौजूद एक गर्भवती महिला के साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। पीडित गोरेलाल कोल ने आरोप लगाया कि हमलावर जबरन वाहन में बैठाकर उत्खनन स्थल तक ले गए और लात घूंसों से मारपीट की। कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि सुखदेव प्रसाद उर्फ भूरा कोल, पिता शिवप्रसाद कोल, निवासी ग्राम कन्हवारा की रिपोर्ट पर दीपक परिहार निवासी जटवारा, अभिषेक पटेल निवासी चाका एवं लखन साहू के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 191(2), 190, 331(६), 351(३) बीएनएस 3(1)द, 3(1)ध, 3(2) क 3(2)5 एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# जन सरोकारों के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह बनें अधिकारी-कलेक्टर

## रसोई गैस सिलेंडर की अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी के विरूद्ध करें कार्रवाई-कलेक्टर

कटनी (स्वतंत्रमत)



कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नागरिकों के बीच सकारात्मक माहौल बनाएं और सूचना-तंत्र मजबूत कर रसोई गैस सिलेंडर की अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। गोदामों और उपलब्ध स्टाक का औचक निरीक्षण करें और गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के निराकरण के प्रति अधिकारी संवेदनशील और जवाबदेह बनें। बिगड़े हैंडपंप की सूचना मिलते ही तत्काल सुधार कार्य करायें। गर्मियों के मद्देनजर जिन गांवों में पेयजल संकट की संभावना हो, वहां के ग्रामीणों को परिवहन कर पेयजल मुहैया कराया जाय। कलेक्टर ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए। समय-सीमा बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने दो टूक लहजे में कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की अपने स्तर पर प्रतिदिन की स्थिति की समीक्षा करें। एजेंसियों, विक्रेताओं और गोदामों की जांच करें। सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त गैस सिलेंडर वितरण से संबंधित शिकायतों का हितग्राही उपभोक्ता से संवाद कर उनका प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि यदि कहीं एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था में अनियमितता, जमाखोरी और कालाबाजारी की शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गैस एजेंसियों से घरेलू एवं वाणिज्यिक सिलेण्डरों की औसत स्टॉक और बुकिंग की जानकारी ले। पोर्टल में ई-केवाईसी, ऑनलाईन बुकिंग आदि की जानकारी लें। साथ ही एजेंसी संचालकों से जानकारी लें कि पिछले 3 दिनों में कितने सिलेण्डरों की होम डिलीवरी की गई है। उपभोक्ताओं से भी फीडबैक लें कि गैस का मूल्य अधिक तो नहीं लिया जा रहा, होम डिलीवरी हो रही है या नहीं। कलेक्टर ने सभी विभागों को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व बकाया बिजली के बिल का भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों को नगर निगम में सेवा प्रभार जमा करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को 18-20 मार्च तक देयकों को कोषालय प्रेषित करने के निर्देश दिए ताकि बजट लैप्स होने के पूर्व उनका भुगतान किया जा सके।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा

कलेक्टर ने उद्यानिकी, उद्योग, खनिज, स्कूल शिक्षा, सहकारिता, कृषि, पीडब्ल्यूडी, नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास, साईंस एण्ड टेक, श्रम, पीएचई, जल संसाधन, अनुसूचित जाति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, सामाजिक न्याय, उर्जा, परिवहन, खाद्य, वित्त विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा करते हुये तहसील विजयराघवगढ़ में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को बंद कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश सीएमएचओ को दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनगणना से संबंधित कार्यों को पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों को प्रगणक बनाने और ऑनलाईन नक्शा काटने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत सचिव, पटवारियों और ग्राम रोजगार सहायक से डोर-टू-डोर जाकर हाउस लिस्टिंग का कार्य संपादित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हाउसलिस्टिंग के साथ समग्र ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री, फौती व जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र आदि से संबंधित कार्य भी पूरा करने के निर्देश दिए।

### संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा

कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों और एसडीएम को संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित होने वाले विकासखंड स्तरीय शिविरों में शामिल होने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों को भी बुलाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व और स्वास्थ्य विभाग को अभियान के तहत आवेदनों की संख्या बढ़ाने और नगर परिषद सीएमओ को पेयजल से जुड़ी शिकायतों को पोर्टल पर दर्ज कराने की भी हिदायत दी। कलेक्टर ने नगरीय निकायों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना में स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने उद्योग विभाग की पीएम विश्वकर्मा योजना में भी प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान सभी एसडीएम, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, आरटीओ संतोष पाल, सहायक आयुक्त आदिम जाति विमल चौरसिया, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आरके सोनी, एलडीएम मेजरस किंडो, सहायक संचालक मत्स्योद्योग आशीष नायक, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता, सिविल सर्जन यशवंत वर्मा, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी, लोकसेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, उपसंचालक कृषि अरूणिमा सेन अयंगर सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व उपभोक्ता दिवस पर जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम

कटनी (स्वतंत्रमत)

विश्व उपभोक्ता दिवस अधिकार दिवस पर जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम का आयोजन प्रशासन एवं अखिल भारतीय उपभोक्तन संगठन के तत्वाधान में आयोजित हुआ मुख्य अतिथि में डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा जिला प्रबंधक वाय, एस, सेगर खाद विभाग से, आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञ दत्त त्रिपाठी अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान के लिए अध्यक्ष के, एळ, पांडे महिला का ईकाई अध्यक्ष प्रीति सेन, सचिव



डॉ. उषा पांडे मैडम, सुधीर सोनी कार्यक्रम में उपभोक्ता अधिकारों के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई विस्तार पूर्वक अधिकारों के बारे में खाद विभाग द्वारा भी खाद सामग्री से संबंधित जानकारी दी गई गैस एजेंसी पेट्रोल पंप खाद विभाग सभी से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई उपभोक्ताओं के छह अधिकार के बारे में लोगों को जागरूक किया ऑएपी दुबे, डॉक्टर खान, प्रशांत नायक, राजू प्रधान, आदर्श श्रीवास्तव, अमन सुहाने, राजेश बहरे, सुमन सैनी, उमा बहरे, आशा सुहाने, श्वेता अग्रवाल, गीता पाठक, आराधना तिवारी, रंजना सिंघानिया, अलका अग्रवाल, नीति वर्मा, रिचा बाजपेई, कल्पना कोटक, वंदना गेलानी, शीतल पांडे, वीना नामदेव, सपना सेन, रितु सेन, अनामिका केसरवानी आनंद नागरिकों की उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों के पेयजल समस्या के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

कटनी (स्वतंत्रमत)



जिले में ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्र के पेयजल समस्या समस्या का त्वरित निराकरण एवं शुद्ध पेयजल आपूर्ति की सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तर एवं उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07622-225752 है। कलेक्टर के निर्देश पर स्थापित जिला कंट्रोल रूम में सभी कार्य दिवसों में संचालित रहेगा। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अविनाश परोहा जिला सलाहाकार को कंट्रोल रूम पंजी प्रभारी बनाया गया है। इनके सहयोग के लिए अहिल्या बाई सेन और मनोज यादव की ड्यूटी लगाई गई है। निर्देशित किया गया है कि पेयजल समस्या से संबंधित प्राप्त शिकायतो का पंजी में प्रविष्टि कर संबंधित सहायक यंत्री और उपयंत्री को शिकायत के निराकरण की सूचना दी जाएगी। उपखंड स्तर पर भी पेयजल से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। जारी आदेश के मुताबिक सहायक यंत्री उपखंड कटनी के अंतर्गत विकासखंड कटनी एवं रीठी के लिए सहायक यंत्री साकेत सुहाने मोबाइल नंबर 8770010927 तथा विकासखंड रीठी के लिए उपयंत्री गोपाल सिंह मोबाइल नंबर 9179254308 विकासखंड कटनी एवं रीठी के लिए विकासखंड समन्वयक प्रिया कोरी मोबाइल नंबर 8770079374 है। जबकि विकासखंड कटनी के पेयजल समस्याओं के निराकरण और हैण्डपंपों के संधारण के लिए राजेन्द्र खरे हैण्डपंप मैकेनिक का मोबाइल नंबर 7999067729 है। इसी प्रकार सहायक यंत्री लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड स्लीमनाबाद के अंतर्गत विकासखंड बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा के लिए सहायक यंत्री मोहित तिवारी को पेयजल से संबंधित समस्याओं के निराकरण का दायित्व सौंपा गया है। इनका मोबाइल नंबर 7509472127 है और विकासखंड बहोरीबंद के लिए उपयंत्री अनिल चुमल्लके जिनका मोबाइल नंबर 9753735167 है। इसके अलावा विकासखंड ढीमरखेडा के लिए उपयंत्री ओपी गुप्ता को दायित्व दिया गया है। इनका मोबाइल नंबर 9575305982 है। यहां के विकासखंड समन्वयक बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा के सत्यप्रकाश हल्दकार है जिनका मोबाइल नंबर 7999460372 है। इसके अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपखंड विजयराघवगढ़ के अंतर्गत विकाखसंड बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ के पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए सहायक यंत्री रमाकांत सिंह को दायित्व दिया गया है। इनका मोबाइल नंबर 7000593191 है। जबकि विजयराघवगढ़ विकासखंड के लिए उपयंत्री अनुराग चौरसिया का मोबाइल नंबर 8770225109 व उपयंत्री उदयप्रताप सिंह जिनका मोबाइल नंबर 9893870310 है। इसके अलावा विकासखंड बड़वारा के लिए उपयंत्री खिलेश सार्वे उपयंत्री का मोबाइल नंबर 9340449861 है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जगदीश स्वामी मंदिर के पास मचाया कोहराम



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर के व्यस्ततम क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अनियंत्रित ट्रैक्टर अस्पताल और जगदीश स्वामी मंदिर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तेज रफ्तार में आ रहा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सडक किनारे खड़ी एक स्कॉर्पियो वाहन से टकरा गया और इसके बाद पास स्थित एक ब्यूटी पार्लर के पिलर से टकराकर रुक गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए क्षेत्र में हडकंप की स्थिति बन गई और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर अमानगंज की एक एजेंसी से ग्राम झुकेही डिलीवरी के लिए भेजा जा रहा था। बताया जा रहा है कि चालक ने ट्रैक्टर को एजेंसी में रात भर तैयार किया था और सुबह उसे लेकर झुकेही के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में अचानक चालक को नींद आ जाने के कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। दुर्घटना स्थल अस्पताल और जगदीश स्वामी मंदिर से लगभग 20 मीटर की दूरी पर स्थित है, जहां दिन भर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि उस समय सडक़ पर अधिक भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रैक्टर की टक्कर से स्कॉर्पियो वाहन को नुकसान पहुंचा है, वहीं ब्यूटी पार्लर के पिलर में भी क्षति आई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और स्थिति का जायजा लिया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। बाद में क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को मौके से निकलवाकर अमानगंज भिजवाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के इस व्यस्त मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही और तेज रफ्तार अक्सर हादसों का कारण बनती है।

## युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है परिचय सम्मेलन: अशोक विश्वकर्मा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अशोक विश्वकर्मा महासंगठन मध्यप्रदेश द्वारा मानस भवन जबलपुर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 150 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। आयोजन में जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने भी शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे परिचय सम्मेलन समाज को संगठित करने के साथ ही नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे परिवारों को एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है और समाज में पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक सोच का समन्वय भी देखने को मिलता है। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अशोक विश्वकर्मा के पूजन, अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच पर कर युवक युवतियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता व्यवसाय, पारिवारिक पृष्ठभूमि और जीवन लक्ष्य के बारे में परिचय दिया।

# करोड़ों की जमीन पर दबंगों की दबंगई

## बनी हुई बाउंड्रीवाल तोड़ी पीड़ित ने की पुलिस से कार्यबाही की मांग

कटनी (स्वतंत्रमत)



कटनी जिले में प्राइवेट जमीन बने बाउंड्री वॉल को तोड़े जाने का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां करोड़ों रुपये की पैतृक जमीन पर दबंगों द्वारा निर्माण कार्य रुकवाने की धमकी देने के बाद बनी हुई बाउंड्रीवाल को तोड़कर गिरा दिया गया। पीड़ित पक्ष ने पूरे मामले की शिकायत प्रशासन से करते हुए कार्रवाई की मांग की है मामला कटनी के माधवनगर थाना क्षेत्र का है। बरगवां निवासी पैट्रिक डन ने कटनी के एडीएम और तहसीलदार को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि उनकी करोड़ों रुपये की पैतृक जमीन, जो एलआईसी ऑफिस के पीछे स्थित है, वहां कुछ असामाजिक तत्व लगातार निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे थे। जमीन की सुरक्षा के लिए वहां बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया गया था, लेकिन दबंगों ने मौके पर पहुंचकर दीवार को तोड़कर गिरा दिया। बताया जा रहा है कि जमीन खसरा नंबर 209, 210 और 211 में दर्ज है, जो पटवारी हल्का बरगवां, तहसील कटनी नगर, जिला कटनी में स्थित है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह इस जमीन के वैध मालिक और कब्जाधारी हैं और अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए वहां बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा था। पीड़ित पक्ष के मैनेजर का आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से कुछ अज्ञात असामाजिक तत्व निर्माण स्थल पर पहुंचकर मजदूरों को धमका रहे थे और काम बंद कराने की कोशिश कर रहे थे। इतना ही नहीं, आरोपियों द्वारा पैसे की मांग भी की जा रही थी और रकम न देने पर निर्माण कार्य रुकवाने तथा गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब बाउंड्रीवाल का निर्माण पूरा हो गया, तो उन्हीं तत्वों ने आकर दीवार को तोड़कर धराशायी कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वही माधवनगर के थाना प्रभारी संजय दुबे ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के बाद उच्चित कार्यवाही की जाएगी। अब देखना होगा कि इस मामले में जिला प्रशासन क्या कदम उठाता है और आरोपियों पर कब तक कार्रवाई होती है।

# संत शिरोमणि मां कर्मा देवी जी की 1010 वीं जयंती बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाई गई

कटनी (स्वतंत्रमत)






संत शिरोमणि मां कर्मा देवी जी की 1010 वी जयंती बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाई गई, जगन्नाथ के भारत को जगत पसारे हाथ 15 मार्च साहू वैश्य पंचायती सत्संग समिति कटनी के तत्वाधान में भगवान जगन्नाथ की अनन्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी की 1010 में जयंती साहू समाज के स्वजातीय बंधुओ के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ मनाई गई 15 मार्च दिन रविवार को सर्वप्रथम प्रात: मां कर्मा देवी मंदिर में पूजन हवन प्रसाद वितरण तत्पश्चात सायंकाल एक विशाल शोभा यात्रा नगर भ्रमण करते हुए गाटरघाट रोड आजाद चौक स्थित साहु धर्मशाला में समापन की गई शोभा यात्रा में श्री बजरंग बाल रामायण समाज के सदस्यों द्वारा अपनी भक्तिमयी रस वाणी से भजनों का गायन किया गया, एवं मथुरा से आए राधा कृष्ण स्वरूप झांकी में भजनों पर मंत्र मुग्ध करने वाले कलाकारों द्वारा नृत्य किया गया, जिसमें उपस्थित स्व-जातीय बंधुओ एवं महिला मंडल के द्वारा पूरे शोभायात्रा मार्ग में धड़कते नाचते रहे। इस अवसर पर शोभा यात्रा मार्ग के विभिन्न स्थानों पर महिला मंडल एवं अन्य स्व-जातीय बंधुओ द्वारा स्वागत किया गया। शोभा यात्रा समापन उपरांत साहू धर्मशाला में आयोजित गरमामई आयोजन में समिति के अध्यक्ष लखन लाल साहू, उपाध्यक्ष गौरीशंकर साहू, सचिन विष्णु साहू, कोषाध्यक्ष सीजी सुशील कुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार साहू, महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना साहू एवं युवा मंडल अध्यक्ष आयुष साहू द्वारा महिला मंडल की नवनियुक्त पदाधिकारी उपाध्यक्ष मौसम साहू, सचिव नीतू साहू, कोषाध्यक्ष रूबी साहू, संगठन मंत्री शालू साहू, उपसचिव प्रमिला साहू, प्रचार मंत्री सोनम साहू, सलाहकार मंत्री मनोरमा साहू, सदस्य सोनाली साहू, स्वाति साहू, रीना साहू, दर्शनी साहू, पूजा साहू, नेहा साहू, रितु साहू, खुशबू साहू, गायत्री साहू, नेहा साहू, आरती साहू, मिथलेश साहू, प्रीति साहू एवं युवा मंडल के पदाधिकारी उपाध्यक्ष विमल साहू, सचिव संयुक्त सचिव मनोज साहू, प्रचार मंत्री केएल राहुल, कोषाध्यक्ष सुनील साहू को निर्वाचन नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति को अपना विशेष योगदान तथा सफलतापूर्वक वर्ष 2021 एवं अप्रैल 2025 का निर्वाचन अधिकारी के रूप में मानसेवी सेवाएं देने के फल स्वरुप राम चौरसिया को पुष्प माला एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। अपने अध्यक्ष की उद्बोधन में समिति अध्यक्ष लखनलाल साहू ने शोभायात्रा में सहयोगी श्री बजरंग बाल रामायण समाज कटनी एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन एवं शोभायात्रा मार्ग में भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी का पूजन आरती एवं प्रसाद वितरण तथा शोभा यात्रा का स्वागत करने के लिए स्वजातीय बंधुओ, महिला मंडल को धन्यवाद ज्ञापित करने हुए पुन:सहयोग की अपेक्षा की गई। आभार प्रदर्शन विष्णु साहू सचिव द्वारा किया गया तदुपरांत भंडारा प्रसाद उपस्थित सदस्यों द्वारा ग्रहण किया गया।

# आर्यना सबालेंका ने इंडियन वेल्स में जीता खिताब



कैलिफ़ोर्निया (वार्ता)।

एक पपी लेना, सगाई करना, चैंपियनशिप पॉइंट बचाना और लंबे समय से इंतज़ार किए जा रहे इंडियन वेल्स का खिताब जीतना ङ्क यह एक ऐसा हफ्ता रहा जिसे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पूरी ज़िंदगी याद रखेंगी। सबालेंका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल में एलेना रायबाकिना के हाथों मिली हार के बुरे अनुभवों को पीछे छोड़ते हुए, कज़ाख खिलाड़ी पर 3-6 6-3 7-6 (8-6) से जीत हासिल की। कैलिफ़ोर्निया की चिलचिलाती धूप में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को अपनी पूरी ताक़त लगाने पर मजबूर कर दिया, जब तक कि सबालेंका ने टाई-ब्रेक में बाज़ी नहीं मार ली ङ्क जिसमें एक ज़ोरदार बैकहैंड विनर के साथ चैंपियनशिप पॉइंट बचाना भी शामिल था।

सर्विस विनर के साथ जीत पक्की करने के बाद, सबालेंका ने अपना सिर बर्फ़ से भरे कूलर में डुबोकर जीत का जश्न मनाया। बेलारूस की सबालेंका ने कहा, क्या हफ्ता रहा। एक पपी मिला, सगाई हुई और एक खिताब जीता – मैं इसे निश्चित रूप से अपनी पूरी ज़िंदगी याद रखूँगी।ज्ज यह सचमुच टेनिस का स्वर्ग है और मुझे यहाँ आकर हमेशा खुशी होती है। भगवान का शुक्र है कि आखिरकार मुझे यह ट्रॉफी मिल ही गई। यह सब कुछ है, यह एक सपना है। साल की शुरुआत में ग्रैंड स्लैम में मिली निराशा के बाद सबालेंका ने कुछ समय के लिए प्रतिस्पर्धी मुकाबलों से दूर रहने का फैसला किया था, और ऐसा लगता है कि उनका यह फैसला रंग लाया है।

## इंडियन वेल्स जीत के साथ सिनर ने फेडरर और जोकोविच की बराबरी की



इंडियन वेल्स फ़ाइनल में दानिल मेदवेदेव पर जीत के साथ हार्ड-कोर्ट ट्रॉफ़ियों का पूरा सेट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद जानिक सिनर ने कहा कि च्यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने कैलिफ़ोर्निया की तेज़ गर्मी में, दो घंटे से कुछ कम समय तक चले मैच में, शानदार वापसी करने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव को 7-6 (8-6), 7-6 (7-4) से हराया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सिनर ने दोनों हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीते हैं – 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 में यूएस ओपन में जीत हासिल की है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर सभी छह मास्टर्स 1,000 खिताब भी जीते हैं – मियामी, टोरंटो, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में मिली जीत के साथ इंडियन वेल्स का खिताब भी अपने नाम किया है – और साथ ही सीज़न के आखिर में होने वाले एटीपी फ़ाइनल्स भी जीते हैं। यह उपलब्धि केवल नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर ने ही हासिल की है। सिनर ने कहा,मुझे पता था कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे मैंने अभी तक नहीं जीता है, इसलिए मैं इसकी तैयारी सबसे अच्छे तरीके से करना चाहता था, जितना हो सके पेशेवर तरीके से। सिनर ने कहा, अब यह उपलब्धि हासिल करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मेरे पास आराम करने के लिए कुछ दिन हैं – यहाँ और मियामी के बीच ज़्यादा समय नहीं है। च्मियामी में भी यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है, लेकिन हम वहाँ भी अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने की कोशिश करेंगे। आंद्रे अगासी ने अपने करियर में हार्ड कोर्ट पर खेले गए पाँचों मास्टर्स 1,000 इवेंट जीते, साथ ही दोनों मेजर और एटीपी फ़ाइनल्स भी जीते। सिनर, जिनका ऑस्ट्रेलियन ओपन का ख़िताब बचाने का सफ़र जनवरी में एक रोमांचक पाँच-सेट वाले सेमी-फ़ाइनल में जोकोविच के हाथों समाप्त हो गया था, ने मेदवेदेव के ख़िलाफ़ अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को भी बेहतर किया है।



## गेल का रिकॉर्ड तोड़ना चाहते हैं सूर्यवंशी

**नयी दिल्ली (वार्ता)** ।15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई के वार्षिक अवॉर्ड समारोह में हर्षा भोगले से बात करने के दौरान वैभव सूर्यवंशी इस बात को लेकर निश्चित थे कि वह क्रिस गेल के 175 रन के उस रिकॉर्ड को तोड़ना चाहते हैं जो उन्होंने 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खेलते हुए पुणे वॉरियर्स इंडिया के ख़िलाफ बनाया था। गेल ने 66 गेंदों पर 175 रनों की पारी खेली थी जो कि पुरुष टी20 में अभी तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। 2018 में हरारे में ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ आरोन फ़िंच द्वारा बनाए गए 172 रन इस सूची में दूसरे स्थान पर है। सूर्यवंशी ने ख़ुद भी 2025 के अंतिम दिनों में एशिया कप राइज़िंग स्टार्स टूर्नामेंट में यूएई के ख़िलाफ़ खेलते हुए इंडिया ए के लिए 144 का अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया थे। जो कि उनके द्वारा खेली गई अब तक 18 टी20 पारियों में तीसरा शतक था। आईपीएल के इतिहास में उनके नाम दूसरा सबसे तेज शतक भी है, जो उन्होंने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस (जीटी) के ख़िलाफ़ 35 गेंदों में जड़ा था। यह दूसरा सबसे तेज शतक है क्योंकि गेल ने अपनी 175 रनों की पारी में शतक मात्र 30 गेंदों पर जड़ दिया था। सूर्यवंशी अभी 15 वर्ष के भी नहीं हुए हैं लेकिन अपने अब तक के छोटे से करियर में ही उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है और वह आईपीएल 2026 से पहले आरआर द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में से भी एक थे। अवॉर्ड समारोह के दौरान उन्होंने जियो हॉटस्टार से बात करते हुए कहा, आईपीएल 2026 के लिए सबसे बड़ा लक्ष्य तो टीम के लिए ट्रॉफ़ी जीतना है क्योंकि यह सबसे ज़रूरी चीज है। क्योंकि अगर टीम ट्रॉफ़ी जीतती है तो इसका मतलब होगा कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम को इसका फ़ायदा मिलेगा। तो यही लक्ष्य है– अपनी टीम को जीत दिलाने में अपना योगदान देना और ट्रॉफ़ी जीतना।

## हार्दिक पंड्या को अपना 'सर्वश्रेष्ठ खेल' दिखवाना होगा : हरभजन सिंह



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** मुंबई इंडियंस, हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टाटा आईपीएल 2026 में उतर रही है। उनका लक्ष्य पिछले पाँच सालों से चले आ रहे ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना और लीग के इतिहास में सबसे सफल फ्रेंचाइजी बनना है। जियो हॉटस्टार के शो 'गेम प्लान – नो योर टीमज् पर बात करते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट हरभजन सिंह और आकाश चोपड़ा ने पंड्या से आगे बढ़कर टीम की अगुवाई करने की अपील की। साथ ही, उन्होंने एमआई की ओपनिंग जोड़ी को लेकर चल रही उलझन और टीम में जसप्रीत बुमराह की जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की।हरभजन सिंह ने हार्दिक पंड्या से आगे बढ़कर टीम की अगुवाई करने की अपील करते हुए कहा, मुझे लगता है कि हार्दिक को अपने असली रूप में सामने आना होगा। उन्हें अपना 'बेस्ट गेम' दिखाना होगा।

जब वह अपना 'बेस्ट गेम' खेलना शुरू करेंगे ङ्क न सिर्फ एक बल्लेबाज के तौर पर, बल्कि एक गेंदबाज के तौर पर भी ङ्क तो इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा। हमने उन्हें टी 20 वर्ल्ड कप में गेंदबाजी करते देखा था। गेंद के साथ उनका प्रदर्शन शानदार था। आईपीएल में भी उन्हें ठीक वैसा ही करना होगा। जब कोई कप्तान आगे बढ़कर टीम की अगुवाई करता है और रास्ता दिखाता है, तो बाकी सब भी उसका अनुसरण करते हैं। यह सब भरोसे पर निर्भर करेगा। अगर हार्दिक और उनकी टीम पहले दिन से ही यह मान ले कि वे सिर्फ मुकाबला करने के लिए नहीं, बल्कि छठी बार ट्रॉफी जीतने के लिए मैदान में उतरे हैं, तो एमआई के लिए हालात बहुत तेजी से बदल सकते हैं। इस सवाल पर कि रयान रिकल्टन और क्विंटन डी कॉक, दोनों एक साथ प्लेइंग इलेवन में क्यों नहीं खेलेंगे, हरभजन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि एमआई का टीम मैनेजमेंट दोनों को एक साथ प्लेइंग इलेवन में मौका देगा। इन दोनों में से कोई एक ही शुरुआती लाइन-अप में शामिल होगा। दोनों को एक साथ खिलाना मुश्किल होगा, क्योंकि एमआई के पास टॉप ऑर्डर में रोहित शर्मा भी मौजूद हैं। वह मुख्य ओपनर होंगे, और दूसरे छोर पर रयान रिकल्टन या क्विंटन डी कॉक में से कोई एक उनका साथ देगा।



### अरुंधति रेड्डी फरवरी महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

**दुबई (वार्ता)।** भारतीय गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 सीरीज में सबसे ज़्यादा आठ विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने यह टी20 सीरीज 2-1 के अंतर से जीती। उन्होंने तीन मैचों में 22 रन देकर चार विकेट, 30 रन देकर दो विकेट और 35 रन देकर दो विकेट लिए, और 10.87 की औसत तथा 7.25 की इकॉनमी रेट के साथ सीरीज खत्म की। पाकिस्तान के ओपनर साहिबज़ादा फरहान, इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शैल्कविक को पुरुष प्लेयर ऑफ़ द मंथ अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

## आईपीएल 2026 के लिए डिजिटल हुई गुजरात टाइटन्स

अहमदाबाद (वार्ता)।

प्रशंसकों को सबसे पहले रखते हुए और टिकट उनकी उंगलियों पर उपलब्ध कराते हुए, गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सभी घरेलू मैचों के लिए एक डिजिटल टिकटिंग मॉडल पेश किया है। टिकटों की बिक्री अब विशेष रूप से बुक माई शो (जो फ्रेंचाइजी का आधिकारिक टिकटिंग पार्टनर है) और टाइटंस एफएएम ऐप पर शुरू हो गई है। यह कदम, जो परिचालन की दूरदर्शिता और प्रशंसकों के बदलते व्यवहार को दर्शाता है, सुरक्षित क्यूआर-आधारित एम -टिकट्स पेश करके फिजिकल टिकटों की आवश्यकता को कम करेगा; ये टिकट सीधे प्रशंसकों के स्मार्टफोन पर भेजे जाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में, जहाँ अक्सर दर्शकों की संख्या लाखों में पहुँच जाती है, इस बदलाव से दर्शकों के लिए एक अधिक सुगम



और कुशल अनुभव सुनिश्चित होने की उम्मीद है। केवल 1,000 रुपये से शुरू होकर, सामान्य स्टैंड के टिकटों की कीमतें 3,000 रुपये तक हैं।

जो प्रशंसक मैच के दिन अधिक प्रीमियम अनुभव चाहते हैं, उनके लिए प्रेसिडेंट गैलरी की सीटों की कीमत 10,000 से 12,000 रुपये के बीच है, जबकि प्रीमियम सूट्स और प्रेसिडेंशियल सूट्स क्रमशः 18,000 और 25,000 रुपये में उपलब्ध हैं। गुजरात टाइटन्स इस सीजन का अपना पहला घरेलू मैच 4 अप्रैल को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी।

अब जब टिकट उपलब्ध हो गए हैं, तो प्रशंसकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी पसंदीदा सीटें सुरक्षित करें और घरेलू मैदान के रोमांचक माहौल का हिस्सा बनें। सीज़न के पहले फ़ेज़ का शेड्यूल जारी होने के साथ ही, शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम तीन अवे मैच भी खेलने के लिए तैयार है। इनमें 31 मार्च को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ़ होने वाला सीजन का पहला मैच भी शामिल है। बाकी दो अवे मैच 8 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स और 12 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ खेले जाएँगे। गुजरात टाइटंस के चीफ़ ऑपरेटिंग ऑफ़िसर, कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा– हमारे लिए फ़ैन्स हमेशा सबसे अहम रहे हैं।

## चावल, चीनी, दालों में तेजी- गेहूं नरम, तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गयी। चावल के साथ दालों और चीनी में भी तेजी रही। वहीं, गेहूं में गिरावट देखी गयी जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 69 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,811 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा भी 22 रुपये उतर गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल औसतन 113 रुपये और तुअर



दाल 107 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

मसूर दाल में 96 रुपये और मूंग दाल में 55 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 82 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,654 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.56 प्रतिशत टूटकर 66.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 65 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। पाम ऑयल 185 रुपये और मूंगफली तेल 83 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में 67 रुपये और सोया तेल में 31 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 87 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।



### रुपया दो पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को 1.75 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 92.2825 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा 92.30 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर रही थी। रुपये में उतार-चढ़ाव रहा। 14 पैसे लुढ़ककर 92.44 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 92.4750 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया था।

## थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** तिलहन और खनिजों की कीमतों में भारी उछाल के साथ तंबाकू उत्पादों और बुनियादी धातुओं की कीमतों में वृद्धि से इस साल फरवरी में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 2.13 प्रतिशत पर पहुंच गयी। थोक महंगाई की यह दर पिछले साल मार्च के बाद सबसे अधिक है। मार्च 2025 में यह 2.25 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि फरवरी में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 2.19 प्रतिशत रही लेकिन गैर-खाद्य




प्राथमिक उत्पादों की महंगाई दर 8.80 प्रतिशत रही। इसमें तिलहनों के दाम एक साल पहले की तुलना में 25 प्रतिशत और खनिजों के 11 प्रतिशत बढ़ गये। हालांकि कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में 2.56 प्रतिशत की नरमी रही। तंबाकू उत्पादों के दाम 6.28 प्रतिशत और कपड़ों के 3.29 प्रतिशत बढ़े। बुनियादी धातुओं की मुद्रास्फीति भी 4.35 प्रतिशत रही।

खाद्य पदार्थों में सब्जियों के दाम सालाना 4.73 प्रतिशत, फलों के 3.57 प्रतिशत, दूध के तीन प्रतिशत और अंडे, मांस तथा मछलियों के दाम 5.36 प्रतिशत बढ़े हैं। प्याज की कीमत में फरवरी 2025 के मुकाबले 40.95 प्रतिशत और आलू में 27.42 प्रतिशत की गिरावट रही।

## नये हालात में अमेरिका से परस्पर लाभकारी समझौते की बातचीत जारी: वाणिज्य सचिव

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सरकार ने सोमवार को कहा कि अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन के जवाबी आयात शुल्कों को निरस्त करने के वहां के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद उत्पन्न स्थित में भारत पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के हवाले से कहा है कि गत 20 फ़रवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प सरकार द्वारा भारत सहित विभिन्न देशों के खिलाफ लगाये गये जवाबी शुल्कों जिस तरह अमान्य घोषित किया है उससे भारत पर ये शुल्क अब प्रभाव में नहीं हैं। इस बीच अमेरिकी प्रशासन ने व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा



122 के तहत सभी देशों से आने वाले कुछ उत्पादों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाने के लिए अधिशासी आदेश जारी किए हैं। इसी सदर्भ में वाणिज्य सचिव के हवाले से कहा गया है, भारत, दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है। श्री अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट के 20 फरवरी के फैसले से पहले भारत और अमेरिका के बीच दो फ़रवरी को घोषित अंतरिम द्विपक्षीय व्यापारिक समझौते का हवाला देते हुए कहा है कि इस समझौते के लिए सात फ़रवरी को एक संयुक्त बयान जारी किया गया था। उन्होंने कहा है कि सात फ़रवरी 2026 को ही अमेरिका द्वारा भारत के रूसी तेल आयात का हवाला देते हुए कुछ भारतीय निर्यातों पर लगाए गए 25 प्रतिशत के अतिरिक्त एड-वैलोरम शुल्क हटा दिए गए थे। रूस से तेल आयात को लेकर अगस्त के आखिरी सप्ताह में लागू इस 25 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क के हटाये जाने के बावजूद अमेरिका में भारतीय माल अगस्त के पूर्वार्ध में लागू 25 प्रतिशत के जवाबी शुल्क बने हुए थे ।

## लिवाली से शेयर बाजार में तेजी

### प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा की तेजी में बंद हुए

मुंबई (वार्ता)।

घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज और बड़ी कंपनियों में लिवाली से सोमवार को प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा की तेजी में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 938.93 अंक (1.26 प्रतिशत) की बढ़त में 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत ऊपर 23,408.80 अंक पर पहुंच गया।



लगातार तीन दिन लुढ़कने के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में लौटे हैं। आज सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ ही देर में सेंसेक्स और निफ्टी-50 बढ़त में चले गये। दोपहर बाद ग्राफ तेजी से ऊपर गया। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली तथा छोटी कंपनियों पर दबाव जारी रहा और वृहत बाजार में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.17 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत टूट गया। ऑटो, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी और धातु समूहों की कंपनियों में लिवाली हुई जबकि तेल एवं गैस, स्वास्थ्य, फार्मा, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। एनएसई में कुल 3,372 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,212 के शेयर लाल निशान में और 1,074 के हरे निशान में रहे। अन्य 86 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर सबसे अधिक 4.64 प्रतिशत चढ़ा।

ट्रेंट में 3.01 फीसदी, एचडीएफसी बैंक में 2.88, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.86, इटरनल में 2.80, बजाज फाइनेंस में 2.79, आईटीसी में 2.22 और टाटा स्टील में 2.04 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.89 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 1.88, इंडिगो का 1.56, आईसीआईसीआई बैंक का 1.49, एक्सिस बैंक का 1.46, मारुति सुजुकी का 1.31 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.05 प्रतिशत ऊपर रहा। एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाइटन और टेक महिंद्रा के शेयर भी बढ़त में बंद हुए।बीईएल का शेयर सबसे ज्यादा 2.32 फीसदी, पावरग्रिड का 1.10 फीसदी और सनफार्मा का एक फीसदी गिरा। भारती एयरटेल और एनटीपीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.26 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.13 प्रतिशत टूट गया। हांगकांग का हैंग सेंग 1.45 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.60 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.63 फीसदी ऊपर था।

# तकनीकी दक्षता प्राप्त करने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नए अवसर उपलब्ध





## सिपेट भोपाल के सहयोग से हितकारिणी महिला महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी महिला महाविद्यालय में केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), भोपाल के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को पेट्रोकेमिकल एवं प्लास्टिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्ध शिक्षा, प्रशिक्षण तथा रोजगार के अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासी निकाय के अध्यक्ष हर्ष जैन रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नए अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्राओं को ऐसे कार्यक्रमों से अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने तथा भविष्य में रोजगार की संभावनाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

***विदेशों में भी रोजगार के अवसर***- इस अवसर पर सिपेट भोपाल से पधारे डॉ. भास्कर राव ने छात्राओं को सिपेट में संचालित विभिन्न डिप्लोमा, डिग्री एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को तकनीकी दक्षता प्राप्त होती है, जिससे उन्हें भारत के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलेश पांडे ने सिपेट द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा महाविद्यालय और सिपेट के मध्य शैक्षणिक सहयोग को आगे भी जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चित्रा मिश्रा, विभागाध्यक्ष विज्ञान विभाग द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन पूजा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ. पूर्णिमा तिवारी, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, आशीष मालपानी, कुमारी फरहाना खान, दिनेश सिंह ठाकुर, प्रीति दीवान, डॉ. अंजली ठाकुर, छाया दुबे, प्रो. अंजलि शुक्ला, प्रो. देवाशीष, प्रो. संदीप परिहार सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक एवं बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राएं उपस्थित रहीं।



# महिला घर में छिपाकर रखी थी 28 लाख रुपयों की अवैध शराब

## बेलखेड़ा के ग्राम गुबरा कला में आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आबकारी विभाग को छापेमारी के दौरान बड़ी सफलता मिली बेलखेड़ा के ग्राम गुबरा कला में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक मकान में छुपाकर रखी गई 28 लाख रुपए की देशी शराब को जब्त किया साथ ही इस मामले में आबकारी विभाग ने एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के गुबरा कला गांव में गीताबाई दुबे नामक महिला के मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। आबकारी की टीम ने दबिश दी और कार्रवाई के दौरान गीता दुबे एवं सुर्यांश दुबे के मकान से 345 पेटी देशी शराब मसाला एवं 266 पेटी देशी शराब प्लेन मिली।

### पूछताछ में जुटा विभाग

आबकारी अधिकारियों के अनुसार मौके से करीब 5 हजार 499 बल्क लीटर देशी शराब जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 28 लाख रुपये के करीब है। टीम ने मौके से आरोपी गीता दुबे नामक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी गीता बाई दुबे के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आबकारी विभाग अब यह भी जांच कर रहा है कि अवैध शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।



## समर में पुणे जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे की सौगात

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेलवे ने गर्मी माह में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01449/01450 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर जाएगी। गाड़ी संख्या 01449 पुणे से दानापुर स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 01 से 14 अप्रैल तक एवं समर के अवसर पर 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रतिदिन पुणे स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन जबलपुर सुबह 09.05 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए तीसरे दिन दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01450 दानापुर से पुणे स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 3 से 16 अप्रैल तक समर के अवसर पर 17 अप्रैल से 17 जुलाई प्रतिदिन दानापुर स्टेशन से सुबह 05.00 बजे प्रस्थान कर जबलपुर रात 21.35 बजे, और शाम को 18.15 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर जंक्शन (अहमदनगर), कोपरगाँव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

# एचपीवी टीकाकरण अत्यंत जरूरी इससे नहीं होता कोई भी साइड इफेक्ट

## उन्मुखीकरण कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एचपीवी टीकाकरण के संबंध में मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई । कार्यशाला में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ संजय मिश्रा, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता श्रीवास्तव तथा डॉ. राखी वाजपेई के द्वारा एचपीवी टीका के संबंध में तथ्यात्मक व वैज्ञानिक जानकारी दी गई तथा सोशल मीडिया पर फैलायी जा रही भ्रामक व तथ्यहीन खबरों से बचने की सलाह दी गई। जिले में 28 फरवरी से 3 माह तक चलने वाले एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में तथ्यात्मक एवं संवेदनशील भूमिका को लेकर मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं इंदिरा मार्केट में किया गया । आयोज में एचपीवी टीकाकरण के संबंध में प्रचलित भ्रांतियों का तथ्यात्मक निराकरण भी किया गया।

***25 सालों से लगाई जा रही एचपीवी वैक्सीन***- इस कार्यशाला में डॉ. राखी बाजपेई ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर ह्युमन पेपिलोमा वायरस एचपीवी से होता है और इसके क्या दुष्परिणाम महिलाओं पर पढ़ते हैं इसकी जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि पिछले 25 वर्षों से एचपीवी का टीका निजी तौर पर निजी नर्सिंग होम और हॉस्पिटल में लगाया जा रहा है। विश्व भर में अभी तक इसकी लाखों डोज किशोरी बालिकाओं को दी जा चुकी है अभी तक इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं आये है कि इससे बांझपन होता है या शरीर पर कोई दुष्प्रभाव पड़ता है जबकि यह साइंटिफिकली फ्रूफ हुआ है कि यह 99 प्रतिशत तक सर्वाइकल कैंसर को रोकने में मददगार है। आयोजन में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनीता उप्पल, डॉ सारिका दुबे, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, एसएमओ डॉ जलज खरे, डीपीएम आदित्य तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# दुकान में जा घुसा भूसे से भरा ओवरलोड ट्रैक्टर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** कटंगी के बस स्टैंड इलाके में सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया। भूसे से ओवरलोड एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसा। क्योंकि उस समय दुकान के पास कोई नहीं था, इसलिए किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर हूड़की गांव से जबलपुर की ओर जा रहा था। बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंचते ही तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और दुकान में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुकान की दीवार ढह गई और पास खड़ी साइकिल चकनाचूर हो गई। ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट नहीं थी और चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। कटंगी पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# नदी में वापस बहाया 500 घनमीटर अवैध रेत का स्टॉक

## भड़पुरा ग्राम में जिला प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा मदन सिंह रघुवंशी एवं खनि अधिकारी एके राय के नेतृत्व में खनिज एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा शहपुरा तहसील के ग्राम भड़पुरा में नर्मदा नदी घाट क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नदी तट के समीप विभिन्न स्थानों पर करीब 500 घन मीटर बजरी (रेत) का बेतरतीब ढंग से किया गया अवैध भंडारण पाया गया। दल द्वारा मौके पर उपस्थित लोगों एवं स्थानीय स्तर पर भंडारित रेत के मालिकाना हक के संबंध में साक्ष्य तथा वैध दस्तावेज मांगे गए। पर्याप्त समय व्यतीत होने के बाद भी किसी भी व्यक्ति और संस्था द्वारा स्वामित्व अथवा वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने पर पंचनामा तैयार कर भंडारित रेत की कुछ मात्रा को पुन: नदी में प्रवाहित कर दिया गया तथा शेष बजरीयुक्त रेत को मौके पर ही मटियामेट कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई ताकि इसका पुन: अवैध विक्रय न किया जा सके। निरीक्षण दल में नायब तहसीलदार राघवेंद्र पटेल, खनिज निगम के कनिष्ठ प्रबंधक जितेंद्र सिंह चंदेल, खनि निरीक्षक विवेकानंद यादव सहित राजस्व एवं खनिज विभाग का मैदानी अमला शामिल था।








## 2 स्कूल वाहनों से निकलवाई गई गैस किट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को शहपुरा में वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। तहसीलदार शहपुरा सुमित गुप्ता के नेतृत्व में कई गई निरीक्षण की कार्यवाही के दौरान दो मारुति वेन को एलपीजी से संचालित पाये जाने पर दो शहपुरा थाना ले जाकर उनकी गैस किट को पृथक करवाया गया।

# नर्मदा नदी में रेस्क्यू के तीसरे दिन मिला जॉनी और एडविन का शव

## गौर चौकी क्षेत्र अंतर्गत जमतरा का मामला, सदमें में परिवार



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गौर चौकी क्षेत्र अंतर्गत जमतरा में स्थित नर्मदा नदी में डूबे दो छात्रों को ढूंढने सोमवार को लगातार तीसरे दिन एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जमतरा घाट से लगभग 7 किमी दूर जलहरी घाट पर जॉनी इक्का का शव मिला। वहीं इसके कुछ देर बाद ही एडविन का भी शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिया।

***ये है पूरा घटनाक्रम***- दरअसल शहर के सेंट अलायसियस इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले आकाश, नितिन और विल्सन दूसरे शहर से आए अपने दोस्त जॉनी, एडविन को लेकर जमतरा घाट शुक्रवार शाम के समय नहाने के लिए गए हुए थे। इस दौरान नहाने के दौरान आकाश और अनीष का मन नहीं हुआ, इसलिए वे नदी किनारे ही बैठ गए, जबकि बाकी दोस्त पानी में उतर गए। नहाते समय जॉनी अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। यह देखकर नितिन और आकाश उसे बचाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन तेज जलप्रवाह के कारण वे भी बहने लगे। तीनों को संकट में देख एडविन ने नदी में छलांग लगा दी और नितिन व आकाश को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद एडविन फिर से अपने दोस्त जॉनी को बचाने के लिए नदी में कूद गया। तब तक जॉनी बहते हुए काफी आगे निकल चुका था। उसे पकड़ने की कोशिश में एडविन भी गहरे पानी में पहुंच गया और तेज जलधारा के बीच खुद भी डूब गया। देखते ही देखते दोनों दोस्तों की नजरों से ओझल हो गए।

***पीमए के लिए भेजें गए शव***- इस घटना की जानकारी लगते ही गौर पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अनिल पाण्डे स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद एसडीआरएफ टीम की मदद से छात्रों को ढूंढने रेस्क्यू अभियान चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद घटना के लगभग तीसरे दिन, सोमवार को 22 वर्षीय जॉनी इक्का निवासी अंबिकापुर और 22 वर्षीय एडविन जार्ज निवासी अनूपपुर के शव बरामद हुए। छात्रों के शव मिलते ही परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। बहरहाल पुलिस ने शवों को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाते हुए मामले को जांच में लिया है।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**